आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 17 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-170 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

रतनजोत के बीज खाने से 9 बच्चों की तबियत बिगड़ी

महासमुंद,17 सितंबर। जिले के बागबाहरा ब्लॉक स्थित ग्राम सेनभाठा में एक चिंताजनक घटना घटित हुई है। खेल मैदान से घर लौटते समय 9 बच्चों ने रतनजोत के बीज खा लिए, जिससे उनकी तबियत बिगड़ गई बताया जा रहा है कि घर पहुंचने के बाद बच्चों को उल्टी शुरू हो गई। यह स्थिति देखकर परिजनों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस की सहायता ली और बच्चों को बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश बच्चों की स्थिति सामान्य हो गई, हालांकि तीन बच्चों को सतर्कता के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बुजुर्ग महिला के सिर पर सिलबट्टा मारकर हत्या

कवर्धा,17 सितंबर। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई है । जहां लोहारी डी का मामला पूरी तरह शांत भी नहीं हो पाया है कि कवर्धा से फिर एक हत्या की खबर निकलकर सामने आ रही है । हत्यारे में सिलबट्टे से मार कर बिमला बाई की हत्या कर दी और खुद के पेट पर ब्लेड मार लिया , घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और मार्ग कायम कर लिया गया है।

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट,5 की मौत

लखनऊ,17 सितंबर। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया है. शिकोहाबाद ब्लॉक क्षेत्र के नौशेरा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मकान ढह गया. कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है. पुलिस ने बताया कि विस्फोट के कारण मकान ढह गया और कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है. शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में एक मकान में पटाखे रखे हुए थे और वहां विस्फोट हो गया. विस्फोट के कारण पास के मकान की छत ढह गई. पुलिस ने मलबे से 10 लोगों को बाहर निकाला 6 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. राहत और बचाव कार्य जारी है. फिरोजाबाद के जिला मजिस्ट्रेट रमेश रंजन ने कहा कि बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद है. जिला अस्पताल और उप-जिला अस्पताल दोनों ही हाई अलर्ट पर हैं. डॉक्टरों की टीम, एम्बुलेंस, अग्निशमन दल, आपदा दल, सभी घटनास्थल पर मौजूद हैं. अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है.

10 साल बाद किसान को मिला हाईकोर्ट से न्याय

बिलासपुर,17 सितंबर। धान बेचने के बाद भी सहकारी समिति ने किसान को भुगतान नहीं किया था. दस साल कानूनी लड़ाई के बाद किसान को न्याय मिल सका. हाईकोर्ट के आदेश के बाद समिति ने 3 लाख 45 हजार का चेक प्रदान किया. मुंगेली जिले के सारधा निवासी तोपसिंह राठौर ने वर्ष 2014 में सेवा सहकारी समिति लिमिटेड लोरमी में उत्तम क्वालिटी का 525 बोरा धान तौल कराकर जमा कराया. इसके बाद भी कई साल तक इन्हें भुगतान के लिए भटकाया जाता रहा. 2.08.2019 को उप पंजीयक सहकारी समिति मुंगेली ने पत्र द्वारा सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोरमी के अध्यक्ष/प्रबंधक को मामले की जांच कर भुगतान करने के निर्देश दिए थे. इसके बाद भी कोई हल नहीं निकला, तो उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली. मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की सिंगल बेंच में हुई. मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने सेवा सहकारी समिति लिमिटेड लोरमी को निर्देशित किया कि एक आदेश की मिलने के 15 दिनों के भीतर बोनस के साथ वर्ष 2014 में निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार अच्छी गुणवत्ता वाले धान की 525 बोरियों का भुगतान करें. निर्धारित अवधि बीतने पर भी कोई भुगतान नहीं हुआ, तो किसान ने दोबारा अपने अधिवक्ता के जरिये अवमाना याचिका लगाई. जस्टिस एन के व्यास की बेंच में सुनवाई हुई.

पीएम आवास में कोताही बर्दाश्त नहीं: सीएम

पैसा मांगने की शिकायत पर कलेक्टर पर होगी कार्रवाई

रायपुर,17 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी के इंडोर स्टेडियम में मोर आवास, मोर अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें पीएम आवास योजना के 5 लाख से ज्यादा हितग्राहियों को पहली किश्त जारी की जाएगी. इस मौके पर सीएम ने हितग्राहियों के पैर भी पखारे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कलेक्टरों को सख्त चेतावनी दी. उन्होंने कहा, यदि किसी भी हितग्राही से पैसों की मांग की जाएगी तो उस जिले के कलेक्टर पर कार्रवाई होगी. सीएम ने कहा, सभी कलेक्टर कान खोलकर सुन लें, पीएम आवास में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी. शिकायत आई तो कलेक्टर पर कार्रवाई होगी.

सीएम साय ने कहा, आज हमने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों का पैर धोकर स्वागत किया है. बार-बार दिल्ली जाकर प्रयास करके आवास स्वकृत कराया है. 18 लाख आवास की स्वीकृति हमने दिया है. 8 लाख लोगों का आज पैसा स्वीकृत हुआ है. आज भुनेश्वर से पीएम मोदी हितग्राहियों के खाते में पैसा डालने वाले हैं. 2 लाख आवास बनकर

तैयार हो गया है. पीएम मोदी उनको ग्रह प्रवेश कराएंगे.

कांग्रेस सरकार में छीना गया था गरीबों का आवास : रमन सिंह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा, आज मोदी जी का जन्मदिन है. मैं पीएम की उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं. उन्होंने सीएम साय ने चुनाव के समय में वादा किया था, जिसे पूरा किया जा रहा है. पीएम आवास को स्वीकृत किया गया है. रमन सिंह ने कहा, मोदी ने देश में स्वच्छता की बात कही थी. आज गांव-गांव में शौचालय बन गया है. आज गांव-गांव में घर बन गए. 10 साल में 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं. कांग्रेस सरकार में गरीब के आवास को छीना गया इसलिए जनता ने जवाब दिया है. डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि हितग्राहियों को किसी को भी एक भी रुपए देने की जरूरत नहीं है. कोई भी दलाल किसी से भी जुड़ा हो, हितग्राहिती से आग्रह है है कि एक भी रुपए कोई मांगता है तो सीधा कलेक्टर से शिकायत करें. वो सीधा जेल जाएगा. विभाग का एक पोर्टल बनाया गया है. जब तक आवास पूरा हो जाए ये सीधा मॉनिटरिंग करेगा.

जिनका नाम नहीं आया उनका नाम आज से जोड़ा जाएगा : विजय

डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, पीएम मोदी का जन्मदिन है, 5 लाख लोगों को आज प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है. 18 लाख आवास की बात हुई है. एक-एक आवास को गिन गिन कर बनाएंगे. विष्णुदेव साय के सीएम बनने के बाद हर महीना 25 हजार आवास पूरा हो रहा है. 5 लाख से अधिक खाते में आज पैसा जाएगा. 9 लाख से ज्यादा लोगों को पैसा मिलेगा. जिसका आवास नही आया है उनका भी नाम जोड़ने का काम आज से शुरू हो चुका है. विष्णुदेव की सरकार है. किसी को कोई पैसा देने की जरूरत नहीं है. कोई भी पैसा लेता है तो उसकी शिकायत अपने अधिकारी और अपने नेता से करें. उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खाद्य मंत्री दयाल दास मंत्री, विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू मौजूद हैं.

प्रधानमंत्री के फैसलों का लाभ छग के किसानों को भी मिलेगा: साय

रायपुर,17 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने और उनकी खुशहाली के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संचालन के साथ ही किसान हित में लगातार निर्णय ले रहें है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क हटाने के साथ ही खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोत्तरी एवं प्याज के निर्यात शुल्क में कमी करने का निर्णय का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वागत करते हुए कहा है कि इसका फायदा निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने श्री विष्णु देव साय ने देश के अन्नदाता किसानों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस निर्णय से निश्चित रूप से सोयाबीन, बासमती, प्याज, सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली के उत्पादक किसानों के आय में वृद्धि होगी। इसका लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा। उनके उपज की बाजार में और अधिक मांग बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

स्वच्छता को बनाए सामाजिक आंदोलन: मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर. 17 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर के तेलीबांधा तालाब परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और तेलीबांधा तालाब परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। उन्होंने स्वच्छता दीदियों तथा शहर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता देने वाले सामाजिक संस्थाओं ग्रीन आर्मी, बंच ऑफ फूल्स, कुछ फर्ज हमारा भी और एवेंजर्स ग्रुप के साथ ही समाज सेविका श्रीमती शुभांगी आप्टे को सम्मानित किया।

अमित शाह ने दिया मोदी सरकार के 100 दिनों के काम-काज का लेखा-जोखा

नई दिल्ली,17 सितंबर। गृह मंत्री अमित शाह ने 17 सितंबर, 2024 को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू करने की है। बता दें कि प्रधानमंत्री ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लागू करने की योजना है। मने रणनीतिक स्थानों पर सीआरपीएफ को सफलतापूर्वक तैनात किया है। घुसपैठ को रोकने के लिए, हमने भारत और म्यांमार के बीच समझौते को रद्द कर दिया है, जिसके तहत लोगों की आवाजाही की अनुमति थी, और अब भारत में प्रवेश केवल वीजा के जरिए ही संभव है। शाह ने कहा कि हाल ही में तीन दिनों तक चली हिंसा को छोड़कर, पिछले 3 महीनों में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। ÷हमें उम्मीद है कि स्थिति को नियंत्रण में लाया जाएगा। हम दोनों स्थानीय जनजातियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। चूंकि यह नस्लीय हिंसा है, इसलिए जब तक उनके बीच बातचीत नहीं होगी, इसका कोई समाधान नहीं हो सकता। हम कुकी समूहों और मैतेई समूहों से बात कर रहे हैं। हमने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक रोडमैप बनाया है।

नंदी महाराज पी रहे पानी और दूध

बालोद,17 सितंबर। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के आमाडुला गांव में भगवान भोलेनाथ के नंदी की प्रतिमा को पानी पिलाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है. यह खबर इलाके में फैलते ही शिव मंदिर में नंदी महाराज को पानी और दूध पिलाने आसपास के लोग भी पहुंच रहे हैं. मंदिर में पूजा करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि शिव मंदिर के नंदी महाराज पानी और दूध पी रहे हैं. इसकी जानकारी मिलते ही मंदिर में नंदी महाराज को पानी व दूध पिलाने वालों की होड़ सी मच गई है.

सड़क हादसे में घायल युवक को डॉक्टर ने दी नई जिंदगी

बलरामपुर,17 सितंबर। डॉक्टर को अक्सर भगवान का दर्जा दिया जाता है और आज हुए इस घटना में डॉक्टर मनोज ने सच में भगवान की तरह घायल युवक की

जान बचाई है. दरअसल, बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर पुलिस चौकी अंतर्गत अजगरा नाले के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की पत्नी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद मौके पर पहुंचे डॉक्टर मनोज यादव ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक की जान बचाई और उसे अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया. जानकारी के अनुसार, युवक अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहा था. इसी दौरान उनकी बाइक एक ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे दोनों सड़क किनारे गिर पड़े. हादसे के बाद वहां से गुजरने वाले लोग दोनों को मृत मानकर छोड़ चुके थे. लेकिन संयोगवश ड्यूटी से लौट रहे डॉक्टर मनोज यादव की नजर घायलों पर पड़ी. उन्होंने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दोनों की जांच की.डॉक्टर ने पाया कि पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी लेकिन युवक की सांसें चल रही थीं. डॉक्टर मनोज ने अपनी सूझबूझ और मेडिकल कौशल का उपयोग करते हुए घायल युवक को तुरंत सीने में प्रेशर देकर प्राथमिक उपचार किया और इंजेक्शन लगाया. इसके बाद उन्होंने अपनी गाड़ी से युवक को वाड्रफनगर सिविल अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद युवक को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है. डॉक्टर मनोज यादव की त्वरित और मानवीय कार्रवाई ने युवक की जान बचा ली, जिससे लोगों में उनकी सराहना हो रही है.

17वीं सब जूनियर नेशनल रोलबाल चैंपियनशिप 2024, असम बालिका, उत्तर प्रदेश बालक टीम बनी चैंपियन

jasclaudius@gmail.com

किशोरों, युवाओं के दिल की धड़कन का यह खेल

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

इतिहास गवाह है कि हमारे भारत देश ने प्राचीनकाल में अनेक खेल को जन्म दिया। शतरंज या चतुरंगा इस खेलों को 6वीं सदी में गुप्त साम्राज्य के दौरान भारत ने दुनिया को दिया आज शतरंज संसार के 172 से अधिक देशों में खेला जाता है। लुडो नामक खेल जिसे पचीसी भी कहा जाता है 6वीं सदी में भारत की देन है। मुगल शासकों ने 15वीं सदी में आधुनिक पोलो खेल को भारत में आरंभ किया। प्राचीन भारत में करीब 2500 ईसा पूर्व गिल्ली डंडा खेल का आविष्कार हुआ जो आज क्रिकेट, बेसबाल और साफ्टबाल की परछाई है। इसी तरह 18वीं सदी से कैरम तथा पुरातल काल से जिमनास्टों द्वारा मलखंभ खेल, कबड्डी, खो-खो, चौपर, लागोरी, सांप-सीढ़ी, कंचा आदि खेल का आरंभ हमारे देश में हुआ। इसके पश्चात अनेक प्रकार के खेल जो किसी दूसरी देशों से थे भारत में आये और यही रच-बस गए। जिनमें हॉकी, क्रिकेट, व्हालीबाल, टेनिस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, कुश्ती, निशानेबाजी, तैराकी, एथलेटिक्स आदि खेल उल्लेखनीय है। भारत में खेलों का सबसे अधिक विकास अंग्रेजों के शासनकाल में 19वीं तथा 20वीं सदी में हुए। विश्व के विभिन्न महाद्वीपों, देशों में साक्षरता की दर बढ़ने के साथ ही साथ मानव जीवन के अनेक क्षेत्र में विकास निर्बाध गति से होने लगा। खेलों की दुनिया में भी नित नये प्रयोग कर पहले तो कुछ लुप्तप्राय, कुछ स्थानीय खेलों को बढ़ावा दिया जाने लगा। लेकिन 20वीं सदी तक ऐसा कोई नया खेलकूद उभरकर नहीं आया जो भारत ही नहीं इस ब्रह्मांड के अन्य देशों के लोगों को प्रभावित कर सके। परंतु हमारे देश के कुछ लोगों के मन में नये खेल को जन्म देने की चाहत थी उसमें से एक पुणे क्षेत्र में रहने वाले भारत के महान सपूत राजू दभाड़े हैं जिन्होंने 21वीं सदी के आरंभ में हमें जब हमारे देश के युवा पूरी दुनिया में कंप्यूटर के माध्यम से संचार क्रांति के प्रतीक बने हुए थे और भारत के तिरंग को एक से दूसरे देश तक फहरा

रहे थे ठीक उसी समय भारत के राष्ट्रभक्त राजू दभाड़े रोलबाल नामक नये खेल को स्वरूप दे रहे थे। पैरों में स्केट पहनकर विपक्षियों को पछाड़ते हुए गेंद को उनके गोल में डालने का यह खेल उभरकर सामने आया। 2003 से 2005 तक रोल बाल के नियम बनकर तैयार हो गये और इस खेल ने भारत मां की जन्मभूमि पुणे में राजू दभाड़े तथा उनके परिवार के सदस्यों, मित्रों, निकट सहयोगियों, महाराष्ट्र के खेल अधिकारियों, खेल प्रशासकों तथा राजनीतिज्ञों के द्वारा पदार्पण किया। इसमें कोई दो मत नहीं कि यह खेल 21वीं सदी की सबसे तेजी से बढ़ता हुआ खेल है। खेल मैदान में स्केटिंग के सहारे गेंद के साथ तेजी से आगे बढ़ने की या फिर आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी से गेंद को छिनकर अपने में कब्जे में कर लेने की पूरी प्रक्रिया सचमुच बेहद रोमांचक व आकर्षक होती है। यही वजह है कि रोलबाल का आज न सिर्फ भारत के 27 से अधिक राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में संगठन है बल्कि विश्व के सभी महाद्वीपों के लगभग 60 से 65 देशों में मान्यता प्राप्त खेल बन गया है। खेल की चपलता और रफ्तार के कारण रोलबाल अब आधुनिक युग के किशोरों, युवाओं का पहली पसंद बन गया है। अब रोलबाल का खेल ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद के द्वार पर खड़ा होकर मान्यता प्राप्त करने के लिए विनम्र निवेदन कर रहा है। पिछले दिनों पुणे में 17वीं सब जूनियर रोलबाल का राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 दिनांक 12 से 15 सितम्बर तक सम्पन्न हुआ। इसमें बालक वर्ग में 27 तथा बालिका वर्ग में देशभर की 20 राज्यों की टीम ने भाग लिया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम विजेता बनी जबकि झारखंड की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में असम ने राजस्थान को पराजित करके चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस प्रकार रोलबाल को जमीनी स्तर से मजबूत करने की कोशिश लगातार सफल हो रही है। इसका प्रमाण यह है कि रोलबाल खेल का राष्ट्रीय चैंपियनशिप अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और 17 वर्ष से ऊपर बालक व बालिका वर्ग में लगातार हो रहा है। साथ ही प्रत्येक वर्ष सीनियर की स्पर्धा महिला व पुरुष वर्ग में होती है। इस बार 21वीं सीनियर चैंपियनशिप एम.ए. स्टेडियम जम्मू में 25 से 28 अक्टूबर तक होगी। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि रोल बाल को जन्म देने वाले महान राष्ट्रभक्त राजू दभाड़े अपने साथियों, मददगारों के साथ इस खेल को लगातार नई दिशा व ऊंचाई देने में प्रयासरत हैं।

आतिशी बनीं दिल्ली की नई मुख्यमंत्री

नई दिल्ली,17 सितंबर। आतिशी दिल्ली की नई सीएम बनेंगी। विधायक दल की बैठक में पार्टी की नेता चुनीं गईं। इसी के साथ ही उनके नाम पर मुहर लग गई। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इसपर विधायकों ने सहमति जताई। आतिशी के नाम का ऐलान थोड़ी देर में किया जाएगा। इसी हफ्ते नए CM और कैबिनेट का शपथ ग्रहण भी होगा। 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज शाम 4.30 बजे राज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप देंगे। इस्तीफे के साथ ही सत्र को विधायक दल के नेता के नाम की चिट्ठी भी सौंपी जा सकती है। बता दें

कि केजरीवाल ने कल ऐलान किया था कि वह दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर जनता की अदालत में जाएंगे। बता दें कि 13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि, 'अब जनता तय करे कि मैं ईमानदार हूं या बेईमान। जनता ने दाग धोया और विधानसभा चुनाव जीता तो फिर से कुर्सी पर बैठूंगा।'

मुझे कोई बधाई ना दे, माला ना पहनाए

नई दिल्ली,17 सितंबर। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री चुनी गई आतिशी ने कहा है कि वह अरविंद केजरीवाल की इस पद पर दोबारा वापसी तक उनके मार्गदर्शन में काम करेंगी। आतिशी ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगी कि दिल्ली वालों को मुफ्त बिजली, अच्छी शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसी सुविधाएं मिलती रहीं। विधायक दल की नेता चुनी गई आतिशी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में खुशी से ज्यादा इस बात का दुख जाहिर किया कि केजरीवाल को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस दौरान उनके चेहरे पर मायूसी भी साफ झलक रही थी। आतिशी ने दिल्ली के विधायकों और जनता से अपील की कि कोई उन्हें बधाई ना दे और ना ही कोई माला पहनाए। आम आदमी पार्टी के बाद खुद आतिशी ने भी साफ किया कि वह इस सरकार के कार्यकाल के पूरा होने तक ही मुख्यमंत्री रहेंगी और नए चुनाव के बाद यदि पार्टी के पक्ष में जनादेश आता है तो केजरीवाल ही मुख्यमंत्री होंगे।

जन्मदिन पर मोदी ने दी 2800 करोड़ की सौगात

बोले- दिन-रात जनता की सेवा के लिए काम कर रही है भाजपा सरकार

भुवनेश्वर,17 सितंबर। पीएम मोदी ने भुवनेश्वर में 2800 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया और 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधान मंत्री ने लगभग 14 राज्यों के पीएमएवाई-जी के तहत लगभग 10 लाख लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी की। देश भर से पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) के 26 लाख लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश समारोह भी आयोजित किया गया। उन्होंने पीएमएवाई जी के लिए अतिरिक्त परिवारों के सर्वेक्षण के लिए आवास+2024 ऐप भी लॉन्च किया। पीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) 2.0 के परिचालन दिशानिर्देश भी लॉन्च किए। इस दौरान मोदी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से एक बार फिर मुझे ओडिशा की पावन धरती पर आने का सौभाग्य मिला है। जब भगवान जगन्नाथ की कृपा होती है, जब भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद मिलता है, तो भगवान जगन्नाथ की सेवा के साथ जनता जनार्दन की सेवा का भरपूर अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में गणेश उत्सव की धूम है, गणपति को विदाई दी जा रही है, आज अनंत चतुर्दशी का पावन पर्व भी है और आज ही विश्वकर्मा पूजा भी है। दुनिया में भारत ही ऐसा देश है, जहां श्रम और कौशल को विश्वकर्मा के रूप में पूजा जाता है। मैं सभी देशवासियसों को विश्वकर्मा जयंती की अनेक शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार बनते समय मैं शपथ ग्रहण समारोह में आया था, उसके बाद ये मेरी पहली यात्रा है। जब

चुनाव चल रहे थे, तब मैंने आपसे कहा था कि यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी, तब ओडिशा उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा कि आज केंद्र की एनडीए सरकार के 100 दिन भी हो रहे हैं। इस दौरान, गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति के सशक्तिकरण के लिए बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाल में ही धान किसानों, तिलहन और प्याज किसानों के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। विदेशी तेल के आयात पर शुल्क बढ़ाया गया है, ताकि देश के किसानों से ज्यादा कीमत पर खरीद हो। इसके अलावा बासमती के निर्यात पर लगने वाला शुल्क घटाया गया है। मोदी ने कहा कि कोई भी देश, कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ता है, जब उसके विकास में उसकी आधी आबादी यानी हमारी नारी शक्ति की बराबर भागीदारी होती है।

एक नजर

पिस्टल सहित बदमाश गिरफ्तार

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई पिस्टल और कारतूस के साथ आदतन बदमाश को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी थाना खुर्सीपार का गुण्डा बदमाश है। इसके विरूद्ध कई मामले लंबित है खुर्सीपार टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि 15 सितंबर मुखबीर से सूचना मिली कि इंदर सिंह जो कि डबरा पारा चौक अशोक मूर्ति के पास खुर्सीपार में एक व्यक्ति अपने कमर के पीछे पिस्टल छिपा कर रखा है हुलिये के युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम इंदर सिंह(24 वर्ष) निवासी केनाल रोड जोन 2 वार्ड 34 सेक्टर 11 खुर्सीपार बताया तलाशी लेने पर इंदर सिंह ने कमर के पीछे छिपाकर एक पिस्टल गैन्डीन मिला। मैग्जीन के अंदर 2 कारतूस जब्त किया। पूछताछ करने पर लोगों को डराने के लिए उपयोग करना बताया पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25 (1ए) आर्म्स एक्ट तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

दुष्कर्म मामले में प्राथमिकी दर्ज

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई पद्मानाभपुर पुलिस ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में जामुल थाने में पदस्थ आरक्षक अरुण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी की है मामला वर्ष 2020 का है पीड़िता का आरोप है कि आरोपित ने उससे दुष्कर्म किया था और उसके बाद उसे धमकी दी थी कि यदि घटना के बारे में किसी को कुछ भी बताया तो उसे और उसके परिवार वालों को मार देगा डर के कारण पीड़िता ने किसी को कुछ नहीं बताया था अब जाकर पीड़िता ने अपने परिवार वालों को आरोपित के कृत्य की जानकारी दी इसके बाद मामला थाने पहुंचा आरोपित आरक्षक के खिलाफ प्राथमिकी के बाद दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने उसे निलंबित कर दिया है पुलिस ने बताया कि वर्ष 2020 में आरोपित आरक्षक अरुण सिंह मोहन नगर थाने में पदस्थ था और उस समय पीड़िता की उम्र 16 साल के आसपास थी। उसी दौरान आरक्षक की पीड़िता के पिता से जान पहचान हुई और उसके घर आने जाने लगा। तभी आरोपित की पीड़िता से भी पहचान हुई पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरक्षक उसे घुमाने के बहाने से बाइक पर बैठाकर जेल के पीछे ले जाकर सुनसान क्षेत्र में उससे दुष्कर्म किया था इसके बाद आरक्षक ने पीड़िता को धमकाया भी था बाद में आरोपित का जामुल स्थानांतरण हो गया था अब तक आरोपित आरक्षक की गिरफ्तारी नहीं हुई है जामुल थाना में पदस्थ सिपाही अरुण सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज मामला 2020 का, पीड़िता ने धमकी की वजह ने मुंह नहीं खोला था।

युवक पर कटर से किया हमला

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र दो बदमाशों ने पुराने विवाद का बदला लेने के लिए देर रात को हर्ष ताम्रकार पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर उनकी पतासाजी शुरू की गई है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि रामनगर गायत्री मंदिर के पीछे निवासी पीड़ित हर्ष ताम्रकार रात करीब 11:30 बजे रामनगर बघवा मंदिर के पास खड़ा था इसी दौरान आरोपित यूसुफ खान और संजू यादव पहुंचे। आरोपितों ने बिना किसी बात के कटर से हर्ष पर ताबड़तोड़ वार किया उसके सीने, माथे, आंख और चेहरे पर गंभीर चोट आई है घटना के बाद दोनों आरोपित फरार हो गए पीड़ित के पिता अर्जुन ताम्रकार ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपित उसी के मोहल्ले के रहने वाले हैं और उनसे पुराना विवाद था। इसी का बदला लेने के लिए दोनों ने उसके बेटे पर जानलेवा हमला किया है वैशाली पुलिस दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी है।

ठगी का आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई खुद को सेक्टर-1 बैंक में लोन डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताकर एक व्यक्ति को झांसा देकर लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाल फरार आरोपी को नेवई पुलिस ने ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) से गिरफ्तार किया है। भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रार्थी जितेन्द्र सिंह वशिष्ठ ने नेवई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी अमित कुमार श्रीवास्तव ने स्वयं को स्टेट बैंक सेक्टर 01 में लोन डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताकर आवेदक को लोन दिलाने के नाम पर दस्तावेज एवं 2 लाख रुपए लेकर होम फर्स्ट फायनेंस बैंक से 19,46,000 रू लोन आवेदक के बैंक आफ बडोदा के खाते में जमा करवाकर, आवेदक से सिक्यूरिटी बतौर 07 चेक बैंक आफ बडौदा का ले लिया। इसमें से एक चेक लगाकर 10,00,000 रुपए अपने बैंक ऑफ बडौदा के खाते में जमा करा लिया और इस संबंध में पूछने पर रकम आज कल में वापस करने का झांसा देकर फोन बंद कर कही अन्यंत्र परिवार सहित चला गया है । प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी अमित कुमार श्रीवास्तव ने लोन दिलाने के नाम पर 02 लाख रूपए एवं लोन दिलाने के बाद सिक्युरिटी के 01 चेक को बैंक में लगाकर 10,00,000 रू अपने खाते में जमा कर आवेदक के साथ कुल 12,00,000 रू की छल पूर्वक धोखाधड़ी की इस मामले में नेवई पुलिस ने आरोपी अमित कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ धारा 420 के हत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नेवई टीआई आनंद शुक्ला के नेतृत्व में टीम गठित की इसके बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी कि आरोपी अमित श्रीवास्तव घटना के बाद से लगातार मोबाइल नंबर बंद कर फरार था पुलिस आरोपी पर निगाह रखी गई थी जो कुछ दिन नागपुर में रहा बाद में वहां भी लोगों से कर्जा लेकर ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) में होने की सूचना पर टीम रवाना किया जहां से आरोपी अमित कुमार श्रीवास्तव को पकड़कर पूछताछ की। उसने अपराध करना स्वीकार करना एवं प्राप्त रकम को खर्च करना बताने पर प्रकरण में धारा 409 जोड़ी गई पुलिस ने आरोपी अमित कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है।

चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज एक गौरवशाली और समृद्ध समाज है:साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 17 सितंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज कवर्धा में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज द्वारा आयोजित 53 वां एक दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान श्रीरामचंद्र, छत्रपति शिवाजी महराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल सहित पूर्वजों के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सामाजिक अधिवेशन का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज एक गौरवशाली और समृद्ध समाज है। यह समाज शिक्षित और समृद्ध है। कुर्मी समाज संगठित और प्रगतिशील समाज है। जिसका अपना एक समृद्ध इतिहास और संस्कृति है। कुर्मी समाज के लोगों ने हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी विशेष पहचान और स्थान बनाने के लिए समाज द्वारा महाविद्यालय संचालित करने की योजना बनाई है, यह योजना सराहनीय है। उन्होंने समाज की मांगों को विशेष ध्यान में रखते हुए समाज की मांग पर शैक्षणिक विकास के लिए 5 एकड़ भूमि आबंटित करने की घोषणा की। महाधिवेशन में समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का गजमाला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कुर्मी समाज एक गौरवशाली समाज है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी और सरदार वल्लभभाई पटेल के वंश होने का गौरव समाज को प्राप्त है। छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल इसी समाज से रहे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता की लड़ाई में इस समाज से अनेक क्रान्तिकारी शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि इसी समाज से ही श्री रमेश बैस हैं, जिन्होंने पूरे देश में अपनी पहचान बनाई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन से छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा है। पूर्व राज्यपाल एवं केन्द्रीय मंत्री श्री रमेश बैस ने कहा कि छोटा सा छोटा समाज अपने समाज के बारे में चिंतन कर रहे है। उन्होंने कहा कि समाज तभा संगठित होगा जब उसमें सभी की सहभागिता होगी। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिवेशन में अपने संबोधन के दौरान कहा कि समाज महापुरुषों के आदर्शों का पालन करते हुए आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना करेंगे ताकि कवर्धा और छत्तीसगढ़ के युवाओं को लगातार प्रेरणा मिलती रहे। उन्होंने समाज के मांग पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि कुर्मी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। देश के इतिहास में समाज का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उनका मान रखते हुए देश का सबसे ऊँचा स्टेचू ऑफ़ यूनिटी बनाया। हर क्षेत्र में समाज आगे बढ़ रहा है, देश, प्रदेश के विकास में भी आपका अहम् योगदान है। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोग हर क्षेत्र में कीर्तिमान बनाए हैं। इस वर्ष के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए आपने कवर्धा को चुना, छत्तीसगढ़ की पावन धरती में आपका स्वागत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रदेश के मुखिया हैं, उनके कार्यकाल में समाज का विकास हो रहा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जीवन बदल रहा है। विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय के नेतृत्व में विगत लगभग हैं, लक्ष्मी बरस रही है। । इस अवसर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, लालबहादुर चंद्रवंशी, , पूर्व संसदीय सचिव मोतिराम चंद्रवंशी, लालजी चंद्रवंशी, , श्रीमती इंद्रणी दिनेश चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी , भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी , चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, देवी चंद्रवंशी , रूपेश चंद्रवंशी सहित समाज के प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

भोरमदेव शक्कर कारखाना में विश्वकर्मा भगवान की पूजा की गई

कवर्धा। भोरमदेव शक्कर कारखाना में एम डी गौरी शंकर शर्मा सहित समस्त अधिकारी स्टाफ ने श्रीविश्वकर्मा भगवान की पूजा की

जिला पंचायत चुनाव की चर्चा जोरों से गांवों में

कवर्धा, 17 सितंबर। जिला पंचायत सदस्य चुनाव में कइयों की टिकट की अपेक्षा के कारण भारी मंथन हो सकता है जिसकी चर्चा जनमानस में देखी जा रही है । जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ,भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व अध्यक्ष रघुराज सिंह ठाकुर , भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ,वर्तमान जनपद अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी ,पूर्व जनपद अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल , वरिष्ठ बीजेपी सीताराम साहू , जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू , पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष और सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी , सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी , बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी , युवा कांग्रेसी नेता रवि चंद्रवंशी , पूर्व जिला पंचायत सदस्य परदेशी पटेल , पूर्व सदस्य राम कुमार पटेल , पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी, सरपंच राम प्रसाद चंद्रवंशी , प्रताप चंद्रवंशी , सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा , जिला युवा अध्यक्ष मनीराम साहू , बलदाऊ चंद्रवंशी, रामकिंकर वर्मा , पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू , पूर्व कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू ,युवा कांग्रेसी नेता वाल्मीकि वर्मा के नामों की चर्चा चाय दुकान से लेकर होटलों और पान दुकानों में कार्यकर्ता चर्चा करते हुए दिख रहे है । कइयों ने कहा की फिलहाल अभी सोचे नही है और कइयों ने कहा की चुनाव लडने की चाह है और अधिकतर ने कहा की पार्टी जो निर्देश देगी उसका पालन करेंगे । बिजली समस्या , महंगाई , महतारी वंदन योजना और पीएम आवास को लेकर जनमानस में चर्चा दबी जुबान से हो रही है । सबसे ज्यादा लोग पार्टी देखकर नही , प्रत्याशी की छबि देखकर वोट देने की बात करते हुए देखे गए ।

इस्पात मंत्री से मिला सकारात्मक आश्वासन

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सेल कर्मचारियों के लंबित मांगों के संबंध में केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में मिलकर हल करने की मांग की है। सेल कर्मचारी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मचारियों की 39 महीने का बकाया एरियर्स का जल्द भुगतान करने, 19 महीने का बकाया पर्कस का भुगतान, ग्रेच्युटी सीलिंग हटाने, दुर्गा पूजा के पूर्व कर्मचारियों को सम्मानजनक राशि दिलाने, भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों को केंद्रीय मजदूरी दिये जाने, एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को एस 1 अथवा डीपीआर में नियुक्त करने,मंकी 650 वर्ग फीट तक के आवास डीजे ऑथर लाइसेंस पद्धति में दिये जाने की मांग किये उपरोक्त मांगों सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई सांसद महोदय जी के आग्रह पर केंद्रीय इस्पात मंत्री ने माँगो पर विचार करने का आश्वासन दिया प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष एवं एन जे सी एस सदस्य रवि शंकर सिंह जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता भिलाई इस्पात मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता आईपी मिश्रा, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी, समाजसेवी अरविंदर खुराना, नवीन पवार उपस्थित थे।

बालोद राज के चुनाव में गिरधर पटेल अध्यक्ष चुने गए

■ 63 वोटों में से गिरधर पटेल को 39 वोट मिले।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 17 सितंबर। रविवार को पटेल समाज भवन बालोद में बालोद राज का चुनाव संपन्न हुआ। मां शाकंभरी की पूजा अर्चना पश्चात श्री पुरुषोत्तम पटेल प्रदेश संरक्षक श्री ब्रह्मा देव पटेल मुख्य सलाहकार महासंघ श्री बिंदु पटेल अंकेक्षक महासंघश्री थान सिंह पटेल श्री सुनील पटेल श्री खोरबाहरा पटेल श्री गिरधर पटेल ने अपना विचार व्यक्त किये।चुनाव दल के रूप में श्री दयाराम सूर्यवंशी प्रदेश सलाहकार अध्यक्ष श्री कुबेर पटेल प्रदेश महामंत्री एवं श्री अशोक पटेल संगठन मंत्री चुनाव अधिकारी श्री विश्वनाथ पटेल प्रदेश प्रचार सचिव एवं श्री कोमल पटेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ समन्वयक की भूमिका में थे। कोमल पटेल ने चुनाव संबंधी नियमावली के बारे में जानकारी सभी को दिया। राज द्वारा मतदाता सूची उपलब्ध कराया गया जिसे पढ़कर सुनाया गया कुल 32 गांव से 66 मतदाता थे जिसमें प्रत्येक 10 परिवार से एक मतदाता लिया गया था। श्री पुरुषोत्तम पटेल ने अपने महानता का परिचय देते हुए नामांकन दाखिल नहीं किये। श्री गिरधर पटेल श्री खोरबाहरा पटेल एवं श्री सुनील पटेल ने नामांकन दाखिल किये। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के पश्चात वोटो की गिनती की गई 63 लोगों ने अपने मतदान का उपयोग किया तीन लोग अनुपस्थित थे एकमत निरस्त हुआ। श्री खोरबाहरा पटेल को 11 मत श्री सुनील पटेल को 12 मत श्री गिरधर पटेल झलमला निवासी को 39 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार श्री गिरधर पटेल बहुमत के आधार पर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्री गिरधर पटेल वर्तमान में ग्राम झलमला के सरपंच हैं साथ ही ग्राम झलमला की एक विशेषता यह है कि हमारा समाज राजनीतिक रूप से जागरूक भी है क्योंकि झलमला के 20 वार्डों में से 14 पंच हमारे मरार समाज से हैं यह समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उपस्थित जन समुदाय एवं बड़े बुजुर्गों ने फुलहार एवं गुलाल के द्वारा श्री गिरधर पटेल का स्वागत सम्मान किये एवं अपना आशीर्वाद तथा मार्गदर्शन भी दिए। चुनाव समिति के अधिकारियों ने भी श्री गिरधर पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए। कार्यक्रम में श्री हरिश्चंद्र पटेल श्री प्रभु राम पटेल श्री रमेश पटेल श्री चिमन पटेल जिला मीडिया प्रभारी श्री संतोष पटेल दल्ली राजहरा से श्री निर्देश पटेल पार्षद बालोद एवं अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे। सभी सामाजिक बंधुओ का शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा इसके लिए सभी का धन्यवाद आभार।

कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला:रामकृष्ण साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 17 सितंबर। सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला नेशनल वर्कशॉप पटना बिहार में गांधी मैदान के ज्ञान भवन में आयोजित किया गया। जिसमे 28 राज्यो से जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे। पंचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय छत्तीसगढ़ से 15 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में शामिल हुआ। जिनमे रायपुर के जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू को ये अवसर प्राप्त हुआ। जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने बताया कि उन्हें इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रो में विकास के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला और शराब बंदी होते हुए भी बिहार में विकास दिख रही है वो बहुत अच्छी बात है । वे चाहते है की छत्तीसगढ़ राज्य में भी शराब बंद हो । राष्ट्रीय कार्यशाला के तीसरे दिन पटना बिहार के स्थानीय क्षेत्रीय भ्रमण करवाया गया, जिनमे माडल ग्राम पंचायत की विशेषता से अवगत कराया गया। वहां 10000 दस हजार की जनसंख्या में एक सरपंच प्रमुख और एक प्रधान न्याय प्रमुख मुखिया होते है। गांव की समस्याओं का निपटारा न्याय अदालत कचहरी में किया जाता है ग्राम पंचायत चोरमुवा की बहुत सारी विशेषताएं है। विकास के मामले में ग्राम पंचायत चोरमुवा बहुत अच्छा डिवेलप किया है इसलिए उस ग्राम पंचायत को राष्ट्रपति के द्वारा उत्कृष्ठ ग्राम पंचायत से नवाजा गया है।विभिन्न दर्शनीय स्थलों नालंदा विश्वविद्यालय म्यूजियम गौतम बुद्ध लाइब्रेरी पावापोरी जल मंदिर एवं अनेक जगहों का भ्रमण कराया 7उनको अवसर देने के लिए उन्होंने पीएम मोदी केन्द्रिय पंचायत मत्स्य पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह मिहिर कुमार सिंह बिहार पंचायती राज अपर मुख्य सचिव आनंद शर्मा निदेशक पंचायती राज विभाग बिहार सीएम साय और पंचायत एवं गृह मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया 7[~ जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल , जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती खुसरो , जिला अध्यक्ष यामिता चंद्राकर , आनंद रघुवंशी नोडल अधिकारी ,सरपंच चंदा साहू अनिता यादव सरपंच सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए ।

डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुष्कर यादव रहे

उतई, 17 सितंबर। समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों प्रोत्साहन राशि देकर सभी को सम्मान किया गया और प्रथम स्थान पुस्कर यादव दुतीय स्थान टिया यादव तृतीय स्थान प्रतिमा ढीमर को सम्मान किया गया लोग भारी संख्या में कार्यक्रम का आनंद लिया इस अवसर पर समिति संरक्षक सतीश श्रीवास्तव मुकेश साहू मिथलेश साहू चामु देव साहू देवजीत मुखर्जी राकेश साहू मोहन यादव ड्ढ.द्य साहू समिती अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव उपाध्यक्ष गौरव साहू कोशाध्यक्ष नैतक यादव सचिव जागृत साहू शंकर साहू संचालक रूपेश यादव सदस्य फनिश ठाकुर नयन ठाकुर साहिल डहरे पंकज 11 साहिल साहू लच्छू साहू प्रकाश साहू निमेश साहू वार्ड वासी भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थ ।

कॉलेज परिसर में मां के नाम पर पौधे लगाए

कवर्धा। आज एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत कालेज प्रांगण मे विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस्पात नगरी में विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



भिलाई, 17 सितंबर। सृजन एवं निर्माण के देवता भगवन विश्वकर्मा जयंती का पर्व इस्पात नगरी भिलाई में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एशिया के विश्व प्रसिद्ध भिलाई स्टील प्लांट से लेकर नगर निगम, औद्योगिक क्षेत्र के कल-कारखानों, ट्रांसपोर्ट नगर एवं अन्य इंजीनियरिंग, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुबह से ही चहल-पहल रही। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कारखानों में छुट्टी का माहौल रहा लेकिन भगवान् विश्वकर्मा की पूजा को लेकर कर्मचारियों की अच्छी उपस्थिति रही। कारखानों में भगवान् विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-पाठ किया गया। अनेक स्थलों पर भोजन-भंडारे एवं प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम की चला। औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्रीकला जनरल इंजीनियरिंग में कंपनी के चेयरमैन आर. के. पांडेय ने ऋतुफल, मिष्ठान्न, पंचमेवा, पंचामृत का प्रसाद चढ़ा कर धूप-दीप से भगवन विश्वकर्मा की आरती उतारी। उन्होंने इस अवसर पर विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कंपनी के सतत उत्थान एवं कर्मचारियों के कल्याण की कामना की। कंपनी के एमडी अमित पांडेय ने भगवान विश्वकर्मा के विधिवत पूजा उपासना करने बाद मिष्ठान्न का वितरण किया। शुक्ल इंडस्ट्रीज में कंपनी के प्रबंध निदेशक अनिल शुक्ल ने इस अवसर पर अपने कर्मचारियों, मजदूर-श्रमिक को उपहार भेंट किया। उन्होंने अपने शुभकामना सन्देश में कहा कि भगवन विश्वकर्मा के पूजन से शिल्पकला का विकास, कारोबार में बढ़ोत्तरी होती है। साथ ही धन-धान्य और सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

निगम की वाहन शाखा में विश्वकर्मा पूजा का उल्लास

नगर निगम भिलाई में विश्वकर्मा पूजा पूरे धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष विश्वकर्मा पूजा के दौरान भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की स्थापना निगम के वाहन शाखा में की जाती है। जहाँ पर पूरे विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गयी। निगम के वाहन शाखा (भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के सामने) के परिसर? में पूरे विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की स्थापना की गयी और उसके पश्चात यहां पर पूजा पाठ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूजा पाठ के कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात इसी परिसर में आम भंडारे का भी आयोजन प्रतिवर्ष की भांति किया गया। जिसमें कई हजार नागरिक उपस्थित होकर भोजन के रूप में प्रसाद प्राप्त किये । इसको लेकर निगम के वाहन शाखा को पूरी तरह सजाया गया है। वाहन शाखा के अधिकारी कर्मचारी इस कार्य में सुबह से संलग्न रहे। विश्वकर्मा पूजा के दिन यह परिसर सुसज्जित होकर देखने लायक है।

सेल-भिलाई और रेलवे के बीच साझेदारी सबसे स्थायी व्यापारिक संबंधों में से एक

भिलाई, 17 सितंबर। कहने की जरूरत नहीं कि भारतीय रेल हमारे देश की जीवन रेखा है। लाखों की संख्या में लोग और कई हजार टन माल की इस अविश्वसनीय आवाजाही के पीछे एक और यात्रा छिपी है - पृथ्वी की गहराई से निकाले गए लौह अयस्क का भट्टियों से होकर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कन्वर्टर्स तक पहुंचने और फिर फिनिशिंग मिलों में रेल इस्पात के निर्माण की यात्रा। राष्ट्रीय वाहक भारतीय रेलवे और भारत के सबसे बड़े इस्पात उत्पादक महारत्न सेल की प्रमुख इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र के बीच छह दशकों से अधिक समय से चली आ रही साझेदारी, स्वतंत्रता के बाद और आधुनिक भारत के इतिहास में सबसे स्थायी व्यापारिक संबंधों में से एक है। यह संबंध विश्वास पर आधारित साझेदारी है। हमारे देश की प्रगति में भारतीय रेलवे ने जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उससे हम सभी भली-भांति परिचित हैं। स्वतंत्रता के बाद, भारत के औद्योगीकरण और विकास योजनाओं की सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर थी, कि भारतीय रेलवे कितनी तेजी से और कुशलता से खुद को बदल सकती है। भारतीय रेलवे द्वारा कुशलतापूर्वक संचालित आधुनिक रेल परिवहन प्रणाली नि:संदेह आज राष्ट्र की जीवन रेखा है। भिलाई इस्पात संयंत्र में रेल का उत्पादन अक्टूबर 1960 में, रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के उद्घाटन के साथ शुरू हुआ। भिलाई इस्पात संयंत्र छह दशकों से अधिक समय से भारतीय रेलवे की वांछित ग्रेड की रेल की आवश्यकता को पूरा कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित सख्त मानकों को पूरा करने के लिए, महारत्न सेल के भिलाई इस्पात संयंत्र में रेल के लिए स्टील बनाने के कार्य को विशेषीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का भारतीय रेलवे के साथ संबंध, समय की कसौटी पर खरा उतरा है। वर्ष 2001-02 में, भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) ने 26 मीटर रेल सहित रेलवे की बढ़ती हुई रेल की मात्रा के मांग को पूरा करने के लिए, रिकॉर्ड समय में एक नया रेल फिनिशिंग कॉम्प्लेक्स स्थापित कर उसे चालू किया। तब तक भारतीय रेल, बीएसपी से लगभग 4.5 लाख टन रेल प्रतिवर्ष खरीदती थी।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

भिलाई, 17 सितंबर। जश्ने ईद मिलादुन्नबी शहर में खुशियों के साथ मनाया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। वहीं तमाम मदरसों व मस्जिदों में परचमे इस्लाम फहराया गया।

जुलूसे मुहम्मदी का आगाज़ गौसिया मस्जिद केम्प-1 से हुआ। सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर-5 चौक होते हुए जुलूस सेक्टर-6, जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान में पहुंचा। जुलूस के बाद मग़रिब की नमाज हुई और शाम 6:30 बजे से तकरीरी प्रोग्राम शुरु होगा। जिसमें हजरत अल्लामा तौसीफ खान ने पैगम्बरे इस्लाम की तालीम पर अमल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जिंदगी गुजारने के बताए रास्ते पर चलने से दुनिया में अमन व सुकून कायम कर सकते हैं। जुलूस में जगह-जगह लंगर व सबील का इंतजाम किया गया था। इस्पात नगरी की सर्वधर्म सभभाव को मजबूत करते हुए हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र के युवाओं ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में अनूठी पहल की। यहां गणेश मंदिर वार्ड-25 में श्री बाल गणेश उत्सव समिति ने गणपति की स्थापना की है। रोजाना भक्तिमय आयोजन हो रहे हैं। आज जब यहां से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकलना तय था तो यहां समिति के लोगों ने अपने मुस्लिम भाइयों के इस्तकबाल की तैयारी कर रखी थी। समिति के संयोजक नितेश सिंह के नेतृत्व में नौजवानों ने जुलूस का स्वागत किया और सभी को शरबत पिला कर विदा किया। ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सेक्टर-7 मार्केट से होकर विभिन्न स्ट्रीट से गुजरते हुए वापस मदरसा पहुंचा।

ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक की मौत,चार लोग घायल

- मामला- तीसरी रेल लाईन निर्माण कार्य का
- ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक मृत सहित चार चोटिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 17 सितंबर। बताया जाता है कि तीसरी रेल लाईन के किलोमीटर क्रमांक 939 के पास रेल सिग्नल केबल से लेकर विगत दिनों भारी बारिश रेलवे को करोड़ो का नुकसान ठेकेदार, रेलवे इंजीनियर व रेल अधिकारी के द्वारा कराया जा चुका है। जिसकी मरम्मत को लेकर रेल अधिकारियों के द्वारा मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी लोकल ठेकेदार के हवाले कर दी गई है। ठेकेदार के द्वारा मरम्मत कार्य के लिए डेलीविजेश मजदूर को ट्रैक्टर में भरकर किलोमीटर क्रमांक 939 के पास जंगल के रास्ते निर्माण कार्य स्थल पर ले जाया जा रहा था। जंगल के रास्ते में सामग्री से लदा हुआ ट्रैक्टर ट्राली पलट गई जिसके कारण एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई और 04 मजदूर जख्मी बताए गए है। मृतक का नाम ओमप्रकाश पिता सुमारु आमडे वार्ड नं 01 आमाडोंगरी थाना बम्हनी जिला मंडला का निवासी था जिसका घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना लगभग सुबह 11.30 की बताई जा रही है। बताया जाता है कि ठेकेदार का सुपरवाईजर विश्वदेव चौबे ठेकेदार मुकेश अग्रवाल के द्वारा मजदूरों को रेलवे कार्य के लिए डोंगरगढ़ से ट्रैक्टर ट्राली में रेत, गिट्टी, सीमेंट, पोल के साथ साथ 11 मजदूर सवार होकर जा रहे थे कि सड़क से उतरकर कच्चे जंगल के रास्ते से रेलवे लाईन तक मजदूरों को बैठाकर ले जाया जा रहा था कि रास्ते के बीच में गड्ढा होने पर ट्रैक्टर में सवार मजदूर जिनमें अशोक नेताम राजकुमार पड़ौती आकाश भांवरे सरस्वती भाँवरे मुन्नालाल भाँवरे प्रदीप पडौती सहित कुल 11 मजदूरों के द्वारा बताया गया कि हमने कंपनी के ट्रैक्टर ड्राइवर से उतारने को कहा परंतु ड्राईवर ने गाड़ी आगे बढ़ा दिया और ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और हम ट्रैक्टर से कूदकर जान बचाए परंतु मृतक के ऊपर पत्थर पोल समेत मृतक के ऊपर गिर गया और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद मृतक तथा घायलो को लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लगभग 12 बजे पहुँचाया गया। जाँच के बाद ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया गया।

ठेकेदार के इशारे पर मामले को दबाने का प्रयास : बताया जाता हैं कि घटना के बाद इसकी सूचना घटनास्थल क्षेत्र से 112 को सूचना दी गई जिसके बाद डोंगरगढ़ पेट्रोलिंग टीम ने मृतक व घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया जिसके बाद घटना क्षेत्र थाना प्रभारी बोरतलाव को दी गई थी और सूचना के बाद लगभग दोपहर 2.30 बजे विवेचक रोहित पडौती ने अस्पताल पहुँचकर कुछ घायलो को अपनी गाड़ी में बैठाकर घटनास्थल पर ले गई। स्थल पर पहुँचने के बाद पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर घटना का कोई सबूत नहीं है। घटना को लेकर बोरतलाव प्रभारी उपनिरीक्षक मिलन सिंह से चर्चा करने पर घटना की पुष्टि की गई और बताया गया कि विवेचक रोहित पड़ौती है जो घटना को लेकर विस्तार से जानकारी देंगे। विवेचक से संपर्क करने पर बताया कि मामले की जाँच चल रही है। डोंगरगढ़ पुलिस 0 में मर्ग कायमी कर भेजेगा तो आगे की कार्यवाही की जायेगी। जिसके कारण से शाम 06 बजे तक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। इसको लेकर बीएमओ बी पी एक्का से फोन पर चर्चा करने पर बताया गया कि पुलिस के द्वारा जब तक सूचना नहीं दी जायेगी तब तक हम पोस्टमार्टम करने में असमर्थ है। पुलिस की सूचना के बाद मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया और ठेकेदार के द्वारा बहला फुसला कर मृतक को गृहग्राम भेजने पर राजी कर लिया गया था इस दौरान अस्पताल पहुँचकर अखबार के सँवाददाताओ के द्वारा परिजनों से घटना के संबन्ध में पूरी जानकारी लेता देख मौके से ठेके के सुपरवाईजर, ठेकेदार गायब हो गए। इसकी सूचना पुलिस अनुविभाग अधिकारी आशीष कुंजाम को मिलने ही श्री कुंजाम अस्पताल पहुँचकर ठेकेदार द्वारा मुहैय्या कराए गए वाहनों में यह समझाकर बैठाया गया कि बोरतलाव थाने आप लोग जाइये वहाँ ठेकेदार मिलेगा और आपकी शिकायत दूर की जायेगी। जिसके पश्चात परिजन देर शाम लगभग 07 बजे रवाना हुए जिसके कारण कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है ? अब देखना यह है कि नौजवान मासूम मृतक युवक के परिजनों को ठेकेदार जान की कितनी कीमत अदा करेगा ।

10 हजार की तत्काल राशि शासन की ओर से मुहैय्या : परिजनों के द्वारा बताया गया कि शासन की ओर से 10 हजार की सहायता राशि दी गई है और विश्वास दिलाया गया है कि ठेकेदार, सुपरवाईजर व ड्राईवर व परिजनों के बयाँन के आधार पर जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कर मृतक के परिवार को उचित सहायता राशि दिलाने में मदद की जायेगी।

एक नजर

आदतन अपराधी को आर्म्स एक्ट के तहत किया गया गिरफ्तार

राजनांदगांव 17 सितंबर। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान शहर के चैक चैराहो, शहर के भीड़भाड़ वाले भीतरी इलाकों में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए असमाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 16.09.2024 को मुखबीर से सूचना मिली कि हर्षित सिंह सरदार नामक व्यक्ति पुराना बस स्टैण्ड चैक फ्लाई ओव्हर के नीचे अपने पास चाकू रखा है, और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। कि सूचना पर मौका पहुंचकर आरोपी हर्षित सिंह उर्फ हरसु पिता सुखविंदर सिंह सरदार उम्र 24 वर्ष साकिन संगम चैक तुलसीपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसके कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकु जप्त कर अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

अवैध शराब बिक्री पर पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

राजनांदगांव 17 सितंबर। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक

महोदय श्री राहुल देव शर्मा व सीएसपी महोदय राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर लालबाग पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त-पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक 16/09/24 को थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व पर थाना लालबाग स्टाफ जुर्म जरायम पतासाजी ग्राम भ्रमण पेट्रोलिंग पर देहात की ओर रवाना हुआ था की जरिये मुखबीर सूचना मिला कि कुछ लोग अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे है । सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप, प्रधान आर. खुशबू नागवंशी, विनीता पैकरा, आरक्षक राजकुमार , कमल , राकेश , फागू , मुकेश की सराहनीय भूमिका रही।

शराब कोचिया पर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव 17 सितंबर। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में ईद ए मिलाद उन नबी, गणेशोत्सव पर्व झांकी विसर्जन में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे आज दिनांक 16.09.2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति रमन बाजार तालाब के पास चाकू रख कर खड़ा है सूचना पर मौके पर पहुंचकर मुखबीर के बताये हुलिया अनुसार घेराबंदी कर आरोपी करण सिंह जुनेजा पिता स्व0 दुर्जन सिंह जुनेजा उम्र 22 साल साकिन बजरंगपुर नवागांव बाबूटोला वार्ड नं. 01 पुलिस चौकी चिखली को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक बटनची धारदार चाकू को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेष कर आदेषानुसार जेल दाखिल किया गया ।

कलेक्टर एवं एसपी ने मोहारा पहुँचकर गणेश विसर्जन के लिए विसर्जन कुंड की व्यवस्था का जायजा लिया

राजनांदगांव 17 सितम्बर। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज गणेश विसर्जन के लिए मोहारा पहुँचकर विसर्जन कुंड में व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने वहाँ 24 घंटे तक गणेश विसर्जन के लिए ड्यूटी लगाने के लिए कहा। उन्होंने वहाँ जेनरेटर, सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई सड़कों की मरम्मत के संबंध में जानकारी ली। सेवाएं देने वाले विभाग पंडाल में समस्त सुविधाओं के साथ रहे। नगर निगम की टीम विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी पर तैनात रहे। पुलिस अधीक्षक ने फायर ब्रिगेड, टॉर्च एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में गणेश विसर्जन के लिए मूर्तियां आएंगी। सुचारू व्यवस्था के लिए सभी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गणेश विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने अधिकारी सजग रहें:कलेक्टर

गणेश विसर्जन के दौरान अमला पूरी तरह से रहे अलर्ट:पुलिस अधीक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 सितम्बर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणेश विसर्जन के मद्देनजर कार्यपालिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए सभी अधिकारी अपनी पूरी तैयारी करते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था रखें। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यपालिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी आपस में तथा समिति के साथ संचार एवं समन्वय करें और सतत संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए निर्धारित रूट का अवलोकन कर लें तथा प्रकाश, बोट, गोताखोर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम की टीम, एसडीएम, एसडीओपी, सभी तहसीलदार, थाना प्रभारी को अलर्ट मोड में रहते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र में मदिरा दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। इसके लिए अवैध शराब के परिवहन को लक्षित करते हुए कार्य करें तथा सूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई करने से परिवर्तन आएगा और ऐसे लोगों को जेल में भी डालने की जरूरत है। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान जनसामान्य के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग तथा विद्युत व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए विद्युत विभाग की टीम को उपस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी, स्काउट एवं अन्य वालिंटियर की मदद व्यवस्था बनाने के लिए ले सकते हैं। गणेश विसर्जन के लिए कलेक्टर ने वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए, ताकि समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सके। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए अमला पूरी तरह से अलर्ट रहे, जहां विकल्प के तौर पर स्थान सुरक्षित रखा जा सके। समुचित व्यवस्था के लिए कार्यक्रम स्थल पर प्रकाश, गोताखोर, उद्घोषक, रस्सी सहित समुचित व्यवस्था रहे। सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा थाना प्रभारी स्वयं जाकर विभिन्न स्थानों का विश्लेषण करें तथा सेक्टर बांटते हुए, अपने रूट चार्ट को समझ लें। ऐसे स्थान जहां पुलिस बल लगाने की जरूरत है तथा ऐसे स्थान जहां पेट्रोलिंग की जरूरत है, जिनका चिन्हांकन करते हुए सख्ती से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कल सुबह मॉकड्रिल की जाएगी। जहां वाहन तथा एम्बुलेंस के लिए स्थान एवं गणेश विसर्जन की झांकियों के सुगम आवागमन के लिए समुचित व्यवस्था के लिए मॉकड्रिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान समस्त गतिविधियों की निगरानी के लिए वीडियोग्राफी की जाएगी। साथ ही कंट्रोल रूम एवं ड्रोन एवं फोटोग्राफी के माध्यम से भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने मानव मंदिर चौक पर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन समिति को टोकन दिया जाएगा और सभी अपने क्रम से गणेश विसर्जन करेंगे। पुरस्कार सिर्फ उन्हीं समितियों को दिया जाएगा, जो टोकन लेंगे। शाम 8 बजे से गणेश विसर्जन के लिए झांकी निकलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब के परिवहन तथा जुआ-सट्टा तथा नशाखोरी को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस रखते हुए कड़ी कार्रवाई करें।

अवैध शराब बिक्री पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 17 सितंबर। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु मुहीम छेड़ी है इसी अभियान के तहत अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक- 16.09.2024 को अवैध शराब बिक्री पर निम्न कार्यवाही किये गये हैं-

01. अपराध क्र0- 491/2024 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट में आरोपी हर्षित बघेल पिता सुरेन्द्र बघेल उम्र- 18 साल, साल साकिन इंदिरा नगर वार्ड न0- 05 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को चौथना मोड़ पुल के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी से कुल 34 नग पौवा युनिक देशी प्लेन शराब कुल मात्रा- 6.120 बल्क लीटर किमती- 3060/-रू0 एवं शराब बिक्री रकम 200/-रू0 जुमला किमती- 3260/-रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किय गया है। 02. अपराध क्र0- 494/2024 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट में आरोपी नरेन्द्र कुमार पिता सालिक राम साहू उम्र- 32 साल साकिन बुधवारी पारा वार्ड न0- 15 न्यू0 सब्जी मंण्डी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को ग्राम भैंसरा चौक पुल के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी से कुल 34 नग पौवा युनिक देशी प्लेन शराब कुल मात्रा- 6.120 बल्क लीटर किमती- 3060/-रू0 एवं शराब बिक्री रकम 200/-रू0 जुमला किमती- 3260/-रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया। इस प्रकार डोंगरगढ़ पुलिस अपने क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अवैध शराब के कारोबारी पर सतत् निगाह रखी जा रही है। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबार में संलिप्त रहने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

श्यामदेव शास्त्री ने किए बाबा रामापीर के दर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 सितंबर। रुणिचा धाम की धणी रामापीर बाबा रामदेव जी की अमर कथा के वाचक श्याम देव जी शास्त्री (वृंदावन) कल रविवार को राजनांदगांव के प्रसिद्ध बाबा रामदेव मंदिर पहुंचे और बाबा के दर्शन करते हुए विशेष पूजा अर्चना भी की। ऊनके साथ स्थानीय महेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष पवन डागा सहित महेश्वरी पंचायत के वरिष्ठ पदाधिकारीगण,युवा मंडल के सदस्यगण सहित दुर्ग बाबा रामदेव मंदिर समिति के अध्यक्ष व मुकेश राठी सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

उनके आगमन पर पुजारीद्वय शरद एवं कमल तंवर सहित बाबा भक्तगण मुकेश शर्मा,अनुराग हूंका,गज्जु यादव,श्रवण साहु,भल्ला रायका पुरुषोत्तम तिवारी,विमल हाजरा, घनश्याम अग्रवाल,मुन्नु डागा आदि ने श्याम देव जी शास्त्री का अभिनंदन भी किया। उल्लेखनीय की श्याम देव जी शास्त्री 3 साल पहले राजनांदगांव के इसी मंदिर प्रांगड़ में बाबा रामदेव जी की कथा का जीवंत वर्णन किया था और बाबा भक्तों के दिलों में अमिट छाप छोडी थी। उल्लेखनीय है कि श्यामदेवजी शास्त्री द्वारा बाबा रामसा पीर की अमर कथा इन दिनों दुर्ग के बाबा मंदिर में चल रही है जिसका विश्राम 13 सितंबर को होगा। दुर्ग बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री राठी ने पुजारीद्वय तंवर बंधुओं को कथा में आने का निमंत्रण दिया और उपस्थित सभी बाबा भक्तों को भी उन्होने कथा में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के

जेएनएम प्रीमियर लीग में आर्गनाइजर इलेवन रहा विजेता

रायपुर. 17 सितम्बर। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में तीन दिवसीय जे. एन. एम. प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार से रविवार तक चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, इंटर्न व संकाय सदस्यों की कुल आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. आशीष सिन्हा विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सान्निध्य में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट के आधार पर खेली गई। लीग राउंड के बाद मेलिगनेंट इलेवन, इनविसिबल नाइट, ऑर्गनाइजर इलेवन, रेजिंग रिबेल ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रथम सेमीफाइनल इनविसिबल नाइट और ऑर्गनाइजर इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें ऑर्गनाइजर इलेवन विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल मेलिगनेंट इलेवन व

रेजिंग रिबेल के मध्य खेला गया जिसमें रेजिंग रिबेल विजयी हुआ। फाइनल मैच ऑर्गनाइजर इलेवन व रेजिंग रिबेल के मध्य खेला गया। रेजिंग रिबेल ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का निर्णय लिया। ऑर्गनाइजर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पो विकेट के नुकसान में एक सौ सत्ताइस रन बनाए। जवाब में रेजिंग रिबेल सत्तावन रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम की ओर से संस्कार गुप्ता ने छह विकेट चटकाए, शेर सिंह और भरत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, रेजिंग रिबेल के हिमांशु दुबे का प्रदर्शन सराहनीय रहा। मैन ऑफ द टूर्नामेंट भरत, अरिंज कैप डॉ. आयुष पटेल को एवं परपल कैप संस्कार गुप्ता को प्रदान किया गया। फाइनल मैच के अतिथि डॉ. अरविंद नेरल, प्रोफेसर एंड हेड पैथालॉजी विभाग, डॉ. अजय हलवाई एसोसिएट प्रोफेसर फार्मकोलोजी विभाग और डॉ. कुशल चक्रवर्ती असिस्टेंट प्रोफेसर एनाटॉमी विभाग थे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एवं चिकित्सा छात्रसंघ के चेयरमेन डॉ. अरविंद नेरल ने विजेताओं को बधाई दी और अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद की गतिविधियां जिंदगी के बहुत सारे ऐसे पाठ सिखाते हैं जो महाविद्यालय के व्याख्यान कक्ष में पढ़ाये नहीं जाते हैं। इससे टीम-भावना का संचार होता है और हार-जीत को सहर्ष स्वीकार करने की क्षमता विकसित होती है। तीन दिवसीय इस पूरे आयोजन में इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग सिस्टम, अंपायरिंग और कमेंट्री उच्च स्तरीय रही। प्रतियोगिता के दौरान डॉ .सुधीर राजपाल स्पोर्ट्स ऑफिसर, समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी व भारी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

नगर में ईद पर निकाले गए जुलूस का कई जगह किया गया स्वागत

नगरी 17 सितंबर। नगरी में ईद मिलाद उन नबी अकीदत के साथ मनाया गया नगरी नगर के वार्ड क्रमांक 11 12 की गलियों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था इस अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया जुलूस का स्वागत दैनिक बाजार के पास पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा ने किया और भाईचारे का संदेश दिया इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर आमिर रजा को श्रीफल भेंटकर त्यौहार की मुबारकबाद दी।

शाला खुज्जी में हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी व क्विज का किया आयोजन

डोंगरगांव 17 सितंबर। शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,यूथ एवं ईको क्लब , स्काउट गाइड क्लब तथा छात्र संघ के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी तथा क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। हिन्दी विषय के व्याख्याता श्री महेश ठाकुर , और अनिल रामटेके ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं महत्व पर व्याख्यान दिया। इसी प्रकार सुषमा ऊके, सुमन शुक्ला , कीर्ति शर्मा,अर्जुन कुमार सोनी, मंदीप कौर भाटिया , रैना देवांगन आदि शिक्षकों ने भी हिन्दी भाषा की साहित्यिक गरिमा, महिमा, विश्व साहित्य में हिंदी भाषा का स्थान एवं भाषा के महत्व पर व्याख्यान दिया। प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने भी छात्रों को अन्य भाषाओं के कार्य साधक ज्ञान के साथ, साथ हिंदी भाषा के प्रति अधिकाधिक जिज्ञासु होने की बात कही तथा बताया कि हिंदी भाषा बड़ी सरल, सहज, प्रवाहमयी और सरस भाषा है जिससे जुड़ने पर अद्भुत आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है। छात्रों की ओर से छात्रसंघ उपाध्यक्ष लोमेश्वर साहू, छात्रा हिना सिन्हा, करीना चौरे,शिखा यादव, नेहा भंडारी,जिज्ञासा रामटेके, हेमलता साहू, प्रीति साहू आदि ने भी हिन्दी भाषा के गौरव पर अपने व्याख्यान दिए। इसी के दौरान छात्रों में हिन्दी भाषा पर क्विज कॉम्पिटिशन भी कराया गया जिसमे शाला नायक आदित्य रंगारी, कु. ऐश्वर्य,प्रियंका साहू , नेहा भंडारी विजेता रहे। पूरे कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन छात्र संघ प्रभारी व्याख्याता श्री रूपेश नागपुरे ने किया। स्काउट गाइड प्रभारी श्रीमती राखी रामटेके और स्काउट गाइड इकाई का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस ने शराब तस्करों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया

डोंगरगांव 17 सितंबर। 15 सितंबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री को लेकर गंभीरता से लेते हुये , अभियान चलाते हुये मात्रा से अधिक शराब रखने वालो एवं शराब तस्करों पर पैनी नजर रखते हुये दिनांक 15.09.2024 को आरोपी माखन यादव पिता रामसिंग यादव , उम्र - 35 साल, पता- पांगरीकला , थाना - डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब एवं अवैध शराब बिक्री रकम 210/- रूपये को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा- 34(1)(ख) आबकारी एक्ट की कार्यवाही दर्ज किया गया है । एवम ग्राम उमरवाही मे 02 आरोपीयों 1- सगाबती मंडावी पति जगदेव मंडावी , उम्र - 50 साल, पता- ओटीपारा , ग्राम उमरवाही , थाना डोंगरगांव, जिला रा0, छ0ग0,2- चंदू भारद्वाज पिता सुरजूराम , उम्र - 35 साल, पता - ग्राम उमरवाही , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव , छ0ग0 , के खिलाफ अपराध धारा - 36(ष्ट) आबकारी एक्ट की अपराध दर्ज किया गया।तथा ग्राम अरसीटोला मे भांटाबम्हनी रोड किनारे , आबकारी कार्यवाही के दौरान आरोपी अपने पास रखे अवैध रूप से देशी प्लेन शराब कुल 109 नग देशी प्लेन शराब को मौके पर ही छोड़कर पुलिस के भय से फरार हो गया , फरार आरोपी के खिलाफ अपराध धारा - 34(2) आबकारी एक्ट के तहत थाना डोंगरगांव म अपा0 दर्ज किया गया है , जायेगी । थाना डोंगरगांव के कुल 04 प्रकरण मे कुल 129 नग देशी प्लेन शराब सीलबंद , जुमला कीमती - 11610/-रूपये एवं अवैध शराब बिक्री कुल रकम 630/- रूपये कुल 12240/- रूपये को मुता0 जशी पत्रक के जप्त कर आरोपी को गिर0 किया गया है ।

संपादकीय

केजरीवाल ने चली नई राजनीतिक चाल

दिल्ली के सीएम केजरीवाल देश के विपक्षी नेताओं में राजनीतिक रूप से सबसे चालाक नेता हैं, वह जैसी स्थिति बदलती है उसी के अनुरूप राजनीतिक चाल चलने में माहिर हैं।वह समय से पहले समझ जाते हैं कि आने वाले समय में राजनीतिक लाभ के लिए उनको क्या करना है और ठीक समय पर वह वैसा कर लेते हैं। अपनी पार्टी में सारे फैसले वही करने वाले हैं, इसलिए वह कोई भी फैसला करें, उसका विरोध पार्टी में कोई करता नहीं है। उनकी पार्टी में होता वही है जो वह चाहते हैं। उनकी पार्टी में वही रह सकता है जिसे वह चाहते हैं। वह जो कहते है,करते हैं बाकी नेताओं का मनना पड़ता है कि वही सही है। पहले वह अदालत में अपनी लड़ाई रहे थे कि वह चाहते थे कि अदालत यह फैसला दे कि उनकी गिरफ्तारी गलत तरीके से की गई हैं। उनकी गिरफ्तारी गलत है। उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है, अदालत जल्द यह फैसला दे दे। अदालत ऐसा कर नहीं सकती थी, ऐसे मामलों में लंबा वक्त लगता है। पाच साल लग सकता है, दस साल लग सकता है। यानी केजरीवाल ने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है,केजरीवाल ईमानदार है, कोर्ट को यह फैसला करने में पांच से दस साल भी लग सकता है इसलिए केजरीवाल ने कानून की अदालत से न्याय पाने की जगह बाहर जनता की अदालत में जाने का फैसला किया है। उन्होंने जनता की अदालत में जाने का फैसला इसलिए किया है कि जनता की अदालत में उनको कोई सबूत पेश नहीं करना है। बस अपनी भावनात्मक बातों से जनता को प्रभावित कर उनको और पार्टी को चुनाव में जिताने की अपील करनी है। चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं। यानी चार महीने बचे हैं, जनता की अदालत में फैसला मात्र चार महीने में होना है। इन चार महीनों में केजरीवाल को यह साबित करना है कि जैसा उनके बार में कहा जा रहा है, उन पर जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं, वह वैसे नहीं है। जेल जाने के पहले उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा नहीं दिया था, इससे उनकी इमेज सत्ता लोलुप नेता की बनी हुई है। इसके अलावा कोर्ट में जमानते देते वक्त जो शर्ते लगा दी है, उन शर्तों के कारण वह सीएम का कोई काम नहीं कस सकते। यानी उनके लिए जमानत में बाहर आना सीएम के तौर पर किसी मतलब का नहीं है। इसलिए इस मौके पर उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर अपनी छवि ऐसे नेता की बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो सत्ता लोलुप नहीं है, वह तो ऐसे नेता हैं जो देश के लिए कुछ करने आए हैं। वह महज महज दिल्ली के नेता हैं, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षा देश का नेता बनने की है, इसलिए गांधी की तरह मोदी का विकल्प बनने की है। ईमानदार नेता बनने की है। वह सीएम बने रहते तो ऐसा होना मुश्किल होता क्योंकि इससे तो यही साबित होता कि वह पद छोडना नहीं चाहते हैं, सीएम आवास शीश महल छोड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि वह किसको सीएम बनाएंगे, एक अनुमान तो यह है कि वह किसी ऐसे आदमी को सीएम बना सकते हैं जो उनके इशारे पर चले। यानी वह सीएम न रहकर भी पर्दे के पीछे सीएम बने रह सकें। सीएम पद से इस्तीफा देने पर उनको शीशमहल छोड़ना पड़ सकता है, इसलिए यह भी मानना जा रहा है कि वह अपनी जगह अपनी पत्नी को सीएम बना सकते हैं, इससे उनको शीशमहल नहीं छोड़ना पड़ेगा। वह हरियाणा चुनाव से जनता से कहे वह उनको ईमानदार नेता मानती है तो उसकी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताए। अगर कुछ प्रत्याशी भी जीत जाते हैं तो वह प्रचार कर सकते हैं कि हरियाणा की जनता ने उनको ईमानदार नेता माना है इसलिए आप प्रत्याशी को जिताया है। इसके बाद वह दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी करेंगे. यही उनका मजबूत आधार है, इसलिए वह जनता को हर तरह प्रभावित कर चुनाव जीतने का हर संभव प्रयास करेंगे क्योंकि वह चुनाव जीतेंगे तो ही वह कह सकेंगे कि दिल्ली की जनता ने उनको ईमानदार माना है। वह भी जानते हैं कि भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते दिल्ली का चुनाव जीतना मुश्किल है, इसलिए अभी नहीं तो चुनाव के वक्त वह भी राहुल गांधी की तरह कह सकते हैं कि दिल्ली के चुनाव निष्पक्ष हुए तो दिल्ली की जनता उनको जिताकर ईमानदार नेता मानेगी। चुनाव हार गए तो वह कहेंगे की दिल्ली चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए।

राजनीति

हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

ललित गर्ग

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन ह्यआपह्व से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही ह्यआपह्व को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि ह्यआपह्व प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी सकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक

लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।

हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण ह्यआपह्व पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में ह्यआपह्व पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है।इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है।

पहलवानों से जुड़ा मामला और बृज भूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है। हरियाणा में पहलवानों की सबसे अधिक संख्या और कुश्ती में एक मजबूत परंपरा होने के बावजूद, समर्थन की कथित कमी पर चिंता है। खेलो इंडिया पहल में, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है, गुजरात को सबसे अधिक बजट आवंटित किया गया, जिससे हरियाणा के खेल समुदाय में असंतोष पैदा हुआ। यह मुद्दा राज्य में एथलीटों के लिए संसाधनों और समर्थन के वितरण में कथित असंतुलन को उजागर करता है।

इन स्थितियों में विनेश और बजरंग पहलवान के कांग्रेस में शामिल होने का पार्टी को लाभ मिलेगा। हरियाणा चुनाव में उठाये जा रहे मुद्दों पर गौर करे तो ये संकेत भाजपा के लिये संकट का कारण बन रहे हैं। कुल मिलाकर इस बार हरियाणा के चुनावों में लड़ाई कई दलों के लिये आरपार की है। ह्यअभी नही तो कभी नहींह्व- हरियाणा का सिंहासन छूने के लिये सबके हाथों में खुजली आ रही है। इसमें हरियाणा के मतदाता की जागरूकता, संकल्प एवं विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगा।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। आप अपने काम को लेकर पूरी मेहनत करेंगे, लेकिन आपको मेहनत का फल अवश्य मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य से खटपट रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। जीवनसाथी से यदि कुछ समस्या चली थी, तो उसमें आपको राहत मिलती देख रही है। आप अपनी वाणी पर संयम रखें और अपने बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें।माता-पिता का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके ऊपर परिवार में कुछ नई जिम्मेदार आएगी। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। यदि आप कार्यक्षेत्र में काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आप अपने सीनियर से बातचीत करेंगे। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा, जिससे आपके काफी काम लटकेंगे। तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े लोगों को कुछ लाभ मिलने की संभावना है। आपको अपने किसी परिजन के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सोच समझें कामों को करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कामों को लेकर योजना बनानी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। आपके पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। कार्यक्षेत्र में लोग आपके खिलाफ कोई पॉलिटिक्स कर सकते हैं और आपके शत्रु भी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। आपके खर्च करने की आदत के कारण आप अपना काफी धन खत्म कर सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपकी सेहत नरम-गरम रहेगी। आप अपने जरूरी कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें और आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। पारिवारिक व्यवसाय में तनाव बना रहेगा। आपके मन में कोई समस्या रहेगी। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के काम आसानी से निपट जाएंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी खुशियां बढ़ेंगी और आपका कोई काम आपको परेशान कर सकता है। आपका किसी नए घर, मकान और दुकान खरीदने का सपना पूरा होगा। परिवार के सदस्यों में खटपट रहेगी, जिस कारण दूरियां आ सकती है। आपका बिजनेस पहले से ग्रो करेगा। संतान पक्ष को से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके अधिकारी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। करियर में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग उनके विवाह प्रस्ताव पर मुहर लगा सकते हैं। आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें, नहीं तो वह बढ़ेगी। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं और राजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर मिल सकता है।

तुला- आज का दिन आपकी पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके काम से खुश रहेंगे। आपको प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। आप अपने कामों को पूरा करने के लिए कोई नई ट्रिक अपना सकते हैं। कोई कानूनी मामला आपको परेशान करेगा, लेकिन उसे आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम बनाने के लिए रहेगा। कुछ साधनों में वृद्धि होगी। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती के लिए पछतावा हो सकता है, आप उन्नति के राह पर आगे रहेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों के अधिकारी उनके कामों में पूरा साथ दे सकते हैं। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आप लोगों से कम से कम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने से आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में आपको कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी। आप किसी को धन उधार देने से बचें। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा। साझेदारी में कोई नई डील फाइनल हो सकती हैं। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। आपकी सेहत में उतार चढ़ाव रहने के कारण आपको तनाव सताएगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप कामों को लेकर ज्यादा उतावलापन ना दिखाएं। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, जो आपको खुशी देगा, लेकिन आप कुछ योजनाओं को लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आज आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप अपने आय व्यय में भी संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके साख सम्मान में वृद्धि होगी। यदि आपने कोई लोन आदि लेने के लिए सोचा है, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपकी संतान भी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे।वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेगी। विद्यार्थी के किसी परीक्षा के परिणाम आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको यदि कोई सिरदर्द या बदन दर्द आदि जैसी समस्या हो सकती है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप अपनी आय को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरी में बदलाव की सोच रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर मिल सकता है।

व्यंग्य

बिजली का झटका

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

भरोसापुर गाँव की घटना ने पूरे गाँव को हिला कर रख दिया। जैसे हर साल बरसात आती है, वैसे ही हर बार बिजली विभाग की लापरवाही भी आती है। पर इस बार तो हद हो गई। एक नवयुवक की जान सिर्फ इसलिए चली गई क्योंकि बिजली के खंभों में करंट दौड़ रहा था। गाँव वाले परेशान, और विभाग वाले बेखबर। ये कहानी एक गाँव की नहीं, पूरे देश की है जहाँ बिजली के खंभे पर 'सिलेक्शन' होता है और इंसान की जान पर 'इलेक्शन'। गाँव में जब यह खबर फैली कि खंभे में करंट दौड़ रहा है, तो पूरे गाँव में हड़कंप मच गया। लोगों ने सोचा, ये कौनसी नई टेक्नोलॉजी आई है? एक बुजुर्ग ने कहा, अरे, ये तो वही 'डिजिटल इंडिया' है। अब बिजली के खंभे से भी वाई-फाई मिल रहा है! पर रेंज ज्यादा है, बंदा सीधा ऊपर पहुँच जाता है। सच है सिस्टम बदलने का समय आ गया, पर बिजली का तार वही पुराना है। वो नवयुवक जिसका नाम रामू था, गाँव का होनहार लड़का था। उसका सपना था कि वो एक दिन गाँव में बिजली की समस्या को ठीक करेगा। लेकिन वो खुद ही बिजली की लापरवाही का शिकार हो गया। रामू को जब खंभे का करंट लगा, तो लोग उसकी मदद के लिए दौड़े। एक आदमी बोला, अरे भाई, बचाने की कोशिश मत करो, पहले बिजली विभाग को फोन करो, फिर पूछो की हम खुद मर सकते हैं कि नहीं। ये सुनकर लोग और भी घबरा गए। कोई सोच रहा था कि अब इस पर कौनसी सरकारी योजना आएगी– खंभे पे करंट, मिलिए आपका प्रतिनिधि कौन? इस बिजली विभाग का नाम सुनते ही आदमी की धड़कनें तेज हो जाती हैं। लगता है जैसे मुए खंभे में दौड़ रही बिजली अब सीने में दौड़ेगी। बिजली विभाग का एक अधिकारी गाँव पहुंचा। उसकी चाल देख कर लगा कि जैसे वो किसी कड़क चाय के इंतजार में आया हो। उसने गाँव वालों से कहा, अरे भई, ये सब तो होता ही रहता है। अब आप लोग करंट के पीछे क्यों पड़े हैं? बिजली विभाग तो वैसे भी बिजली देने से ही मना कर रहा था, करंट दे दिया तो कौनसी बड़ी बात हो गई?गाँव के लोगों ने उसकी बात सुनकर कहा, आप तो ऐसे बोल रहे हैं जैसे 'विकास' हो रहा है और हम समझ नहीं पा रहे। ये विकास की बिजली है या विनाश की, जरा ये बता दीजिए। वैसे हमारे देश में बिजली का आना बड़ा त्योहार होता है और जाना रोज की बात। विभाग के अधिकारी ने पावर हाउस को फोन किया। वहां से जवाब आया, हां भाई, यहाँ सब ठीक है। खंभे में करंट दौड़ रहा है क्योंकि हमने अर्थिंग वायर थोड़ी से उल्टा लगा दिया है। अब खंभे में करंट जाएगा तो लोगों में जागरूकता भी तो आएगी। गाँव के बुजुर्ग हँसते हुए बोले, अरे वाह, ये तो 'जागो इंडिया' वाला कार्यक्रम हो गया। अब बिजली के झटके से ही हम जागेंगे? हमारे देश में पहले तार जोड़ो फिर जान तोड़ो, यही सिस्टम है। इस दौरान रामू के परिवार वालों का हाल बुरा हो गया। उसकी माँ रोती हुई बोली, अरे सरकार से पूछो कि हमारे बच्चों की जान कब तक यूं ही जाती रहेगी? क्या हर गाँव में एक-एक शहीद चाहिए इनकी लापरवाही का सबूत देने के लिए? रामू का पिता सिर पकड़े बैठा था, अरे क्या कहें, साहब? बिजली तो आई नहीं, पर बिजली का झटका हम सभी को दे गई। लगता है, अब सरकार से नहीं, भगवान से ही बात करनी पड़ेगी। यहाँ तो जिनके पास बिजली नहीं है, वही सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। पंचायत के मुखिया ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चाय-पानी करवाते हुए कहा, देखिए भाई, बिजली आनी चाहिए, पर जान पर खेलकर नहीं। हम तो ऐसे भी अंधेरे में जी रहे थे, अब तो आप लोग हमें और भी अंधेरे में डाल रहे हैं। हमारे देश में बिजली विभाग एक ऐसा विभाग है जो बिजली के साथ-साथ आदमी की उम्मीदों को भी ट्रांसफर कर देता है–दूसरी दुनिया में। अंत में, बिजली विभाग ने माफी मांगी। उन्होंने कहा, हमें खेद है, अगली बार ऐसा नहीं होगा। हम खंभों की जाँच करेंगे। वैसे भी अब तो हम 'स्मार्ट सिटी' योजना के तहत आपको नई तारें लगवाने वाले हैं। गाँव वालों ने सुनकर कहा, तारें बदलना जरूरी है, पर पहले सिस्टम बदलिए। रामू के पिता ने हाथ जोड़कर कहा, साहब, ये तार तो मेरे बेटे को ऊपर पहुँचा गई। अब बस उसकी आत्मा के लिए दुआ करिए। रामू की माँ का रो-रोकर बुरा हाल था। उसके आँसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। गाँव वालों ने मिलकर अंतिम संस्कार किया। जाते-जाते किसी ने कहा, अरे भाई, ये तो एक रामू गया, पर जाने कितने और रामू इन खंभों की लापरवाही का शिकार बनेंगे। जब तक सिस्टम ऐसे ही चलता रहेगा, ये खंभे सिर्फ बिजली नहीं, इंसान की जिंदगी भी खींचते रहेंगे। इस देश में खंभे खड़े रहते हैं और आदमी गिर जाता है। अंत में, बिजली विभाग ने रिपोर्ट तैयार की। उसमें लिखा था, हमौत का कारण–तकनीकी खराबी। सुधार प्रक्रिया चल रही है।ह पर गाँव के लोगों को पता था कि ये सुधार कागज पर ही रहेगा। रामू के परिवार ने उसकी मौत को एक 'नियति' मान लिया, लेकिन सच तो ये था कि ये किसी की लापरवाही का नतीजा था। वो खंभे खड़े रहेंगे, बिजली दौड़ती रहेगी, और आदमी यूं ही जाता रहेगा। ये देश है, इसमें खंभे ज्यादा टिकते हैं और आदमी कम।

क्षमावाणी दिवस- 18 सितम्बर

क्षमा है युद्ध एवं शत्रुता का समाधान

देवेन्द्र ब्रह्मचारी

दिगम्बर जैन समाज का सबसे अहम आत्म शुद्धि का महापर्व दशलक्षण पर्व इस वर्ष भादो सुदी पंचमी 8 सितम्बर से प्रारंभ होकर अनंत चतुर्दशी 17 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। उत्तम क्षमा से प्रारम्भ होकर क्षमावाणी पर्व पर यह संपन्न होगा, दस दिनों तक क्रमशः दस धर्मों की आराधना की जाती है। पूरे विश्व के दिगम्बर जैन धर्म के अनुयायी इस पर्व को बड़े ही उत्साह व आत्मीयता से मनाते है। दशलक्षण पर्व के दिनों में क्रमशः उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन तथा उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की जाती है। ये सभी आत्मा के धर्म हैं, क्योंकि इनका सीधा सम्बन्ध आत्मा के कोमल परिणामों से हैं। इस पर्व का एक वैशिष्ट्य है कि इसका संबंध किसी व्यक्ति विशेष से न होकर आत्मा के गुणों से है। इसका प्रारंभ यह गुणों की आराधना का पर्व है। इन गुणों से एक भी गुण की परिपूर्ण हो जाये तो मोक्ष तत्व की उपलब्धि होने में किंचित भी संदेह नहीं रह जाता है। मानव इन दस धर्म को अपने जीवन मे अपनाकर अपने जीवन का धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत रूप से उन्नयन कर सकता है, इन दिनों मे सभी दिगम्बर जैन मंदिरों मे प्रातः से ही भक्तों का अम्बार लग जाता है।

उत्तम क्षमा से प्रारम्भ होने वाला यह पर्व अश्विन कृष्ण एकम को क्षमावाणी पर्व पर सम्पन्न होता है, क्षमावाणी दिवस पर सबसे अपने भूलों की क्षमा याचना की जाती है। इस दिन श्रावक (गृहस्थ) और साधु दोनों ही वार्षिक प्रतिक्रमण करते हैं। पूरे वर्ष में उन्होंने जाने या अनजाने यदि संपूर्ण ब्रह्मांड के किसी भी सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव के प्रति यदि कोई भी अपराध किया हो, तो उसके लिए वह उनसे क्षमा याचना करता है। अपने दोषों की निंदा करता है और कहता है- मेरे सभी दुष्कृत्य मिथ्या हो जाएं। क्षमावाणी पर्व पर हर मंदिरों में क्षमावाणी अभिषेक के पश्चात क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है, इसके माध्यम से एक दूसरे के हृदय की मलीनता दूर की जाती है। क्षमा आत्मा का स्वभाव है। क्षमा पृथ्वी का नाम है। जिस प्रकार पृथ्वी तरह-तरह के बोझ को सहन करती है, इसी प्रकार चाहे कैसी भी विषम परिस्थिति आए, उसमें भी अपने मन को स्थिर रखना, अपने भीतर क्रोध रूप परिणत न करना क्षमा है। उत्तम क्षमा के धारक पुरूष को मात्र अपने आत्मा की शुद्धि ही साध्य है। क्षमा ब्रह्म है, क्षमा सत्य है, क्षमा तप है, क्षमा पवित्रता है, क्षमा ने ही सम्पूर्ण जगत को धारण कर रखा है।

क्षमा को धारण करने वाले इंसान ऋजु होते हैं, उनके कर्म संस्कार क्षय होते हैं जबकि जो कुटिल होते हैं, उनके कर्म संस्कार संचित रहते हैं। हंस और बगुला लगभग एक से लगते हैं, किंतु उन दोनों के स्वभाव में बड़ा अंतर होता है। यही कारण है कि हंस से लोग प्रेम करते हैं और बगुले से द्वेष करते हैं। जिस प्रकार बीज बोने के लिए जमीन पर हल, चलाकर उसे अच्छी तरह जोतकर तथा कूड़ा-करकट से रहित कर साफ किया जाता है उसी प्रकार क्षमा रूपी बीज का वपन करके मन रूपी भूमि को मांजा जाता है एवं आत्मा की निर्मलता के द्वारा उत्तम चरित्र रूपी फल की उपलब्धि सुनिश्चित की जाती है। दुनिया में आज जितने भी अनर्थ और पापकर्म होते हैं, चाहे हिंसा के रूप में हो, आतंक के रूप में हो, शोषण के रूप में हो वे सब क्षमा के अभाव में ही होते हैं। जो परस्त्री और परपदार्थ के प्रति निःस्पृह है, समस्त प्राणियों के प्रति जिसका चित्त अहिंसक है और जिसने दुर्भेद्य अंतरंग मन को धो लिया है ऐसा पवित्र हृदय ही क्षमा धर्म की पात्रता को धारण कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति इस पवित्र एवं पावन दिवस पर भी दिल में उलझी गांठ को नहीं खोलता है, तो वह अपने सम्यग्दर्शन की विशुद्धि में प्रश्न चिन्ह खड़ा कर लेता है। क्षमायाचना करना, मात्र वाचिक जाल बिछाना नहीं है। परंतु क्षमायाचना करना अपने अंतर को प्रसन्नता से भरना है। बिछुड़े हुए दिलों को मिलाना है, मैत्री एवं करुणा की स्रोतस्विनी बहाना है। गलती करना मानवोचित्त है, लेकिन क्षमा करना देवतोचित्त है। मैत्री पर्व का दर्शन बहुत गहरा है। मैत्री तक पहुंचने के लिए क्षमायाचना की तैयारी जरूरी है। क्षमा लेना और क्षमा देना मन परिष्कार की स्वस्थ परम्परा है। क्षमा मांगने वाला अपनी कृत भूलों को स्वीकृति देता है और भविष्य में पुनः न दुहराने का संकल्प लेता है जबकि क्षमा देने वाला आग्रह मुक्त होकर अपने ऊपर हुए आघात या हमलों को बिना किसी पूर्वाग्रह या निमित्तों को सह लेता है। क्षमा ऐसा विलक्षण आधार है जो किसी को मिटाता नहीं, सुधरने का मौका देता है। भगवान महावीर ने कह

डंकनी नदी घाट पर गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए उमड़ी भीड़

गणेश की छोटी प्रतिमाएं बहुतायत में विसर्जन के लिए पहुंच रही नदी घाट, आज देर शाम तक चलता रहेगा विसर्जन का क्रम

बगैर डीजे के निकाली जाएगी गणपति की विसर्जन झांकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 17 सितंबर। अनंत चतुर्दशी आज है मगर बीती शाम से ही डंकनी नदी घाट पर गणपति जी का क्रम अनवरत चल रहा है जो आज भी जारी है। तिथि के मुताबिक सोमवार शाम 3 बजे से ही अनंत चतुर्थी की तिथि प्रारंभ हो गई थी। कल से पितृपक्ष शुरू हो रहा है इसलिए श्रद्धालु इससे पूर्व ही गणेश जी का विसर्जन कर दे रहे हैं। सोमवार शाम को नदी घाट पर छोटे गणपति काफी संख्या में विसर्जन के लिए लाए गए थे। घरों में ज्यादातर लोग छोटे आकार के ही गणपति बिठाए थे। गणपति विसर्जन का सिलसिला बीती शाम से शुरू हुआ जो आज सुबह भी जारी रहा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने सभी सार्वजनिक गणेश समितियों के लोगों को बुलाकर डीजे के साथ झांकी निकालने पर पाबंदी होने की जानकारी दे थी जिसके बाद से बीती शाम जितनी भी झांकियां निकाली गई किसी में डीजे शामिल नहीं था। स्थापित बैंड बाजा, की धुन पर ही लोग थिरकते नाचते अपने अपने गणेश जी का झांकी निकाल नदी घाट ले जाकर विसर्जन करते रहे। आम जनता ने भी हाईकोर्ट के इस फैसले का तहेदिल से स्वागत किया है क्योंकि डीजे के चक्कर में गणेश समितियों के लोग लेट से विसर्जन करते थे। पितृपक्ष में भी विसर्जन का दौर चलता रहता था जो धर्म संवत नहीं था। धर्माचार्यो ने भी इस पर आपत्ति जताई थी अब डीजे पर रोक लग जाने के बाद सभी सार्वजनिक गणेश समिति के लोग सादगी पूर्ण तरीके से ही अपने अपने गजानन को विसर्जन कर रहे हैं। नदी घाट पर लाईट की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की गई है। छोटे गणेश के विसर्जन के लिए गढढा खोदकर रिगनुसार आर्टिफिशियल कुण्ड बनाया गया है वहीं बडे गणेश को नदी में विसर्जित किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से गोताखोर की तैनाती भी घाट पर प्रशासन ने कर रखा है। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की तैनाती भी नदी घाट पर की गई है।

एक नजर

स्कूलों में तिमाही परीक्षा के लिए हुई बैठक

सुकमा,17 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मण्डावी के उपस्थिति में विगत दिवस को तिमाही परीक्षा संपन्न करवाने प्रश्न पत्र तैयार करने के संबंध में जिला परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक,सहायक प्रभारी एवम विषय विशेषज्ञ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 23 सितंबर 2024 से जिले के समस्त शासकीय स्कूलों के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की तिमाही परीक्षा प्रारंभ की जाएगी। बोर्ड (10 वीं ,12 वीं)कक्षाओं के लिए जिला स्तर से प्रश्न पत्र तैयार कर स्कूल में भेजा जाएगा। इससे बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगा। विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर सुधारने एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु यह अभिनव पहल प्रारंभ किया जा रहा है इसके अतिरिक्त त्रैमासिक परीक्षा जिले में एकरूपता के साथ संपन्न होने पर निरीक्षण बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। बैठक में नारायण वर्मा एडीपीओ,आशीष राम एपीसी, जगदीश राव प्रभारी,रूपेश समरथ सहायक प्रभारी, आनंद कुरवशी प्राचार्य एवं अन्य विषयों के विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

जल शक्ति अभियान में लोगों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

सुकमा 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जल शक्ति अभियान को गति देते हुए और मजबूत करने के लिए कैच द रेन जल संचय जन भागीदारी को जागरूकता करने कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में कैच द रेन में कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम लेदा और विकासखंड कोंटा अंतर्गत ग्राम बण्डा में ग्रामीणों को कैच द रेन कार्यक्रम किया गया। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत् पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जल शक्ति अभियान के व्यापक लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए जन भागीदारी का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में जल संचय एवं संरक्षण का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया, जिससे आने वाले कल के लिए जल बचाया जा सके और हर घर जल के संकल्प से देश के प्रत्येक घर तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है की जल जीवन मिशन के साथ जल संचय भागीदारी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया साथ ही आरोग्यता के संकल्प से स्वच्छ जल पीने योग्य उपलब्ध कराना आदि का लक्ष्य रखा गया। एक पेड माँ के नाम पर चर्चा कर सभी की भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

संपूर्णता अभियान के चलते स्कूलों में सुपोषण के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

सुकमा 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिले में संपूर्णता अभियान के तहत स्कूलों में स्वच्छता पखवाड़ा, पोषण सप्ताह, नशामुक्ति गतिविधियों के तहत शुक्रवार को आकांक्षी विकासखंड कोंटा स्थित पी एम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोंटा में माध्यमिक स्तर (अंग्रेजी माध्यम) एवं उच्चतर माध्यमिक (हिंदी माध्यम) के विद्यार्थियों के द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता एवम् खेल में सुपोषण ज्ञान प्राप्त करने संबंधी गतिविधि के तहत कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन एवम् जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के मार्गदर्शन में पौष्टिक सलाद डेकोरेशन व अंकुरित सलाद् रंगोली, चित्र, नारे स्लोगन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एस डी एम श्री शदाब खान,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोंटा श्री नारद मांझी, प्राचार्य श्री बी एल औसरा,प्रधान टी श्रीनिवास राव,संकुल समन्वयक श्री जी मल्लेश,एवं संस्था के शिक्षक उपस्तिथ थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नारद मांझी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हेतु आकर्षक उपहार भी दिया।

शिविर में लोगों ने किया 13 यूनिट रक्तदान

रायपुर 17 सितंबर। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के 60 वें स्थापना दिवस उपलक्ष्य में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में शिवनाथ ब्लड बैंक के सहयोग से आज दिनांक 17/09/2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर जनकल्याण की भावना प्रकट की। रक्तदान शिविर गतिमान है अभी तक 13 यूनिट अर्थात 13 दाताओं ने अपने रक्त का दान कर दिया है।

जगदलपुर पहुंचे इस्पात मंत्री स्वामी ने नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण से किया इंकार

जगदलपुर 17 सितंबर। इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने यहां मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होने नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण से साफ तौर पर इंकार किया है। आज सोमवार को जगदलपुर पहुंचे कुमारस्वामी ने कहा कि वह नगरनार स्टील जा रहे है, कामकाज की समीक्षा करेंगे। जिन विषयों पर आज ही निर्णय लिया जा सकता है, लेंगे। अन्य विषय जिन पर अभी निर्णय नहीं हो सकता उसके लिए समय सीमा तय की जाएगी। इस्पात मंत्री सुबह 11.55 बजे एयरपोर्ट पहुंचकर 20 मिनट रुकने के बाद सड़क मार्ग से 17 किलोमीटर दूर नगरनार स्टील प्लांट के लिए रवाना हो गए। इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के साथ इस्पात सचिव संदीप पुंडीरक भी आए है। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंग मंड़ावी सहित अन्य भाजपा नेता एवं एनएमडीसी के सीएमडी अमिताव मुखर्जी, मेकान के सीएमडी एससी वर्मा, कलेक्टर बस्तर हरीश एस ने केंद्रिय मंत्री इस्पात का स्वागत किया।

केवीके की कार्यशाला में मछली उत्पादन तकनीक की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 17 सितम्बर। कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के अन्तर्गत 9 से 13 सितंबर, 2024 तक पांच दिवसीय मछली उत्पादन तकनीक विषय पर ग्रामीण स्व सहायता समूह के युवाओं और कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक(मत्स्य पालन) डॉ संजय सिंह राठौर ने किसानो को कार्प मछलियों में नर और मादा की पहचान करने के तरीके, मोनो कल्चर, पॉली कल्चर, बीज उत्पादन की तकनीक, नर्सरी और ग्रो आउट कल्चर में तालाब प्रबंधन की विभिन्न तरीकों से अवगत कराया और मछली पालन विभाग के श्री ओ. पी. मंडावी ने मछली पालन की योजनाओ के बारे में किसानों को विस्तार से बताया इसके साथ ही हम कैसे मछली पालन के लिए बैंक से लोन ले सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 9 सितंबर को भारतीय किसान संघ, सुकमा के जिला अध्यक्ष श्री धरम नाग मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के उप संचालक कृषि श्री पी. आर. बघेल ने की। जबकि कार्यक्रम का समापन समारोह 13 सितंबर को कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के मुख्य अतिथि श्रीमती ममता भारती, अध्यक्ष श्री जे.एल.मौर्य व सदस्य महादेव मरकाम की उपस्थिति में समपन्न हुआ। इस दौरान सुकमा विकासखंड से सुकमा,नयानार,रामपुरम, सोनाकुकानार, मुरतोणडा,निलावंरम,केरलापाल छिदंगढ विकासखंड से पुजारीपाल, पालेम, कावराकोपा,धोबनपाल, चिपुरपाल, कोकावाड़ा, उरमापाल,बारसेरास व कोंटा विकासखंड से एर्राबोर,विदांपुरम व कोंटा से करीब 131 मछली पालन कृषक उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के तालाब और पुजारीपाल के 13 कृषकों के तालाब में भी मछली बीज छोड़ा गया। इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग से डॉ. एस. एस.जगत उप संचालक पशु पालन, उद्यानिकी विभाग से श्री हितेश नाग सहायक संचालक उद्यानिकी,श्री सुरेश कुमार बैक वरीष्ठ कृषि विकास अधिकारी व श्री कमल गावड़े ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के साथ साथ सभी विभागों से मैदानी अधिकारी व कृषक मित्र उपस्थित हुए। कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस. तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. परमानंद साहू, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार, चिराग परियोजना के एस.आर.एफ. श्री इंद्र पाल साहू सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यशाला में शामिल सभी कृषको प्रशस्ति-पत्र वितरित किया गया।

ओडिशा से शराब परिवहन करते पकड़े गये तस्कर

कोंडागांव 17 सितंबर। कोंडागांव जिला के थाना अनंतपुर क्षेत्र में अवैध शराब तस्कर पर लगातार कार्यवाही की जा रही थी। 15 सितंबर को थाना अनंतपुर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि, उड़ीसा राज्य से अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए वाहन टोयेटा कार से एक व्यक्ति आ रहा हैं की सूचना पर ग्राम बीजापुर चेक पोस्ट नाका पर घेराबंदी कर उड़ीसा के तरफ से आ रही टोयेटा रूमीयन सफेद पर रोककर तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डिक्की और पीछे सीट में 14 पेटी हंटर बियर शराब अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 24-24 नग प्रत्येक नग 500 एमएल किमती 40 हजार 320 रूपये, 2 पेटी नम्बर 1 अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 48-48 नग प्रत्येक नग 180 एमएल किमती 17 हजार 280 रूपये, कुल 16 पेटी में जुमला 185-280 लीटर सीलबंद हालात में भरी हुई मिली। अंग्रेजी शराब जुमला कीमती 57 हजार 600 रूपये को जप्त कर आरोपी संजीत मंडल रामलाल मंडल उम्र 34 वर्ष साकिन उमरगांव थाना अनंतपुर जिला कोंडागांव के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से थाना अनंतपुर में आबकारी एक्ट की धारा 3 4(2) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है।

सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 17 सितंबर। प्रदेश में संचालित में सरस्वती साइकिल योजना से कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन एवम् जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोकावाडा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदगढ व आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन छिंदगढ में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राए को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन छात्राओ के लिए सरस्वती साइकिल योजना चला रही हैं। बालिकाओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पढ़कर अपने गांव, बस्तर और प्रदेश का नाम रोशन करें ताकि आने वाले समय में बालिकाओं को सभी क्षेत्र में सम्मान मिल सके।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आत्मानन्द छिंदगढ व आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन छिंदगढ में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया है। इस अवसर पर श्री हुंगाराम मरकाम, श्री रामदेव नाग, श्री चन्नाराम मरकाम, श्री सुखदेव नाग, श्री मंगला बघेल, श्री राजेश पुजारी, श्री बुधराम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं खंड शिक्षा अधिकारी छिंदगढ़ के श्री कमलेश श्रीवास्तव, संकुल प्रभारी श्री नरेन्द्र साहू ,प्रिंसिपल ,स्कूल शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सरस्वती साइकिल योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती हैं। यह एक ऐसी महत्त्वकांछी योजना हैं जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने जाने में मदद करती हैं बल्कि बेटियो की शिक्षा की राह आसान हो जाती हैं।

आमागुड़ा स्टेशन पर मालगाड़ी के दो वैगन पटरी से उतरे

जगदलपुर 17 सितंबर। जगदलपुर से करीब 16 किलोमीटर दूर नगरनार के समीप आमागुड़ा स्टेशन में मालगाड़ी के दो वैगन पटरी से उतर गए। यह हादसा कल रात हुआ जब नगरनार स्टील प्लांट से क्राइल भरकर विशाखापत्तनम जा रही थी। गनीमत यह रही कि हादसा लूप लाइन पर हुआ, जिससे मुख्य रेल मार्ग पर आवागमन प्रभावित नहीं हुआ। रेलवे विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत स्थिति का जायजा लिया और फिलहाल पटरी को साफ करने का कार्य तेजी से चल रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जल्द ही लूप लाइन को पूरी तरह से बहाल कर लिया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस घटना से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं।

कोयनार में दो लोगों की मृत्यु डायरिया से नहीं हुई है:डॉ.संजय बसाख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 17 सितंबर। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरभा के अधिनस्थ उप स्वास्थ्य केन्द्र लेंड्रा के आश्रित ग्राम कोयनार से मृत्यु की जानकारी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित पत्र का शीर्षक कोयनार में दो लोगो की डायरिया से मौत जिसका खण्डन करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय बसाख ने बताया कि मृतक रामसिंग पिता फगनु उम्र 65 वर्ष हाई बी.पी. की शिकायत थी। मृतक नरेन्द्र पिता गोलु उम्र 8 वर्ष जिसे 6 सितंबर 2024 को तबीयत खराब होने पर अर्धमुर्छित की स्थिति में सिरहा के पास ले जाया गया था, जिसके एक घण्टे के बाद उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक को दिन में दो बार शौच की शिकायत बताया गया जो कि सेमी सॉलिड था। जिसे डायरिया में शामिल नहीं किया जा सकता। अतः कोयनार में होने वाले दोनो मृत्यु डायरिया से नहीं हुई है। एहतियात के तौर पर ग्राम में कैम्प का आयोजन कर जांच जारी है, सिरहा के पास मृतक के दो भाई बहन को रखा गया था, स्थिति को देखते हुये दोनों बच्चों को स्वास्थ्य दल द्वारा मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया है, जिनकी स्थिति सामान्य है।

ग्राम आलोर की पहाड़ी में स्थित लिंगेश्वरी गुफा मंदिर का द्वार 18 को खुलेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंडागांव 17 सितंबर। छतीसगढ़ के कोंडागांव जिला के. ग्राम आलोर मे विगत 40 वर्षो से साल में एक बार खुलने वाला आलोर की पहाड़ी गुफा पर स्थित माँ लिंगेश्वरी मंदिर का द्वार इस साल 18 सितंबर 2024 बुधवार को खुलेगा । उल्लेखनीय है कि देवताओं की धार्मिक आस्था के लिए पूरे विश्व में प्रख्यात बस्तर की खूबसूरत वादियों में शिव और पार्वती के समन्वित रूप के कारण इसे लिगईं माता के अवतार में माता लिंगेश्वरी मानकर पूजा अर्चना करते है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 200 किमी जगदलपुर सड़क मार्ग पर फरसगाँव के बायीं ओर बने गुरूद्वारा के थोड़ा आगे दायी ओर दंतेश्वरी माई प्रवेश द्वार से मात्र 8 किमी मे बडे डोगर के पहले झाटीबन आलोर के पहाड़ों के बीच एक गुफा में मां लिंगेश्वरी विराजमान है, जहां हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्त अलग-अलग राज्य- मध्य प्रदेश, राजस्थान उड़ीसा, महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश,दिल्ली से भी आदि अनेक राज्य से इच्छा पूर्ति की कामना को लेकर दर्शन करने आते हैं।मुख्य रूप से अधिकांश निसंतान दंपती संतान की प्राप्ति के लिए माता के दर्शन करने आते हैं। बस्तर पुरातत्व समिति सचिव लोकेश गायकवाड केशकाल छत्तीसगढ निवासी ने बताया कि पूरा बस्तर संभाग क्या पूरा विश्व शिव स्वरूप पत्थरो से खासकर भरा पडा है जिसे हम शिवलिंग के रूप मे पूजन करने है वही बूढा देव के नाम से वहा के निवासी मानते है.. व केवल निसंतान नही, घर निर्माण, बच्चो की शादी,नौकरी, शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के ठीक होने की प्रार्थना लेकर लोग जब आते है व दर्शन की एक लाइन होने के कारण भीड़ बढ जाती है। सबको याद होगाषकोरोना काल के चलते गुफा के द्वार खोला गया था लेकिन दर्शनार्थियों को माता के दर्शन नही कराया गया। मतलब यह है कि माता जी जब से विराजित है पूजन कार्य कभी नही रूका है। इस बार श्रद्धालुओं के लिए 18 सितंबर 2024 बुधवार को प्रातः 5 बजे दर्शन हेतु खोला जायेगा, और जब तक अंतिम व्यक्ति को दर्शन न हो भले रात के 9 भी बज जाएगे दर्शन चालू रहेगा।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया-- कि मंदिर में भक्तों का प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। श्रद्धालुओं को मंदिर के बाहर से ही माता के दर्शन करने होंगे। श्रद्धालुओं को माता लिंगेश्वरी मेला का बड़ी बेसब्री इन्तजार रहता है। चर्चा के दौरान गायकवाड जी ने बताया कि वे विगत 1991 से लगातार मंदिर मे माता जी का दर्शन करने आ रहे है, विवाह1998 मे होने के बाद 1999 मे जब वे आलोर पहुचे तब गुफा के भीतर पंजो के सहारे बैठकर खीरा को मूर्ति से टच कर अंदर गुफा के भीतर ही खाए और सन 2000 मे माता के आशीर्वाद से पहली बिटिया यशस्वी का जन्म हुआ। उन्होने बताया कि 1991 से 2023 तक अर्थात इन 32 वर्षो मे प्रतिवर्ष 5 जोडे की औसत से लगभग 160 जोडो का दर्शन मैने कराया है तो आज लगभग 100 जोडो को पुत्र या पुत्री की प्राप्ति हुई है, सबसे अधिक 17 वर्ष के जोडे की भी माता जी ने झोली भरी है। मंदिर समिति मे माननीय नीलकंठ टेकाम जी विधायक केशकाल के सफल नेतृत्व मे रामलाल कोरर्राम, रवि घोष जी , डा धनराज कुलदीप, ईश्वर कोर्राम व नगर पंचायत अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष व सभी पार्षद नगर पंचायत फरसगाँव सैकड़ो ग्राम वासीयो का सहयोग पुलिस प्रशासन, पंचायत झाटी बंध का विशेष योगदान रहता है।

समाचार संक्षेप

संपूर्णता अभियान, स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निकाली गई जनजागरूकता रैली

सुकमा,17 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । संपूर्णता अभियान अंतर्गत आकांक्षी जिला सुकमा में विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई, जिसका उद्देश्य बालिका सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वच्छता पर जागरूकता फैलाना था। शिक्षक और छात्र एकजुट होकर ग्रामीणों को बेटियों की शिक्षा और स्वच्छता के महत्व से अवगत कराने के लिए रैली रंगोली बनाकर और शिक्षा एवं स्वच्छता संबंधित नारे के माध्यम से प्रेरित ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने घर-घर जाकर जागरूकता फैलाई और रंगोली व चित्रों के जरिए अपने विचार व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत के कुशल मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छ पर्यावरण और बालिका शिक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कलेक्टर ने सरपंचों के साथ किया संवाद

उत्तर बस्तर कांकेर, 17 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में 'सरपंच संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी हेतु लोगों को जागरूक करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव-गांव चलाए जा रहे सफाई अभियान की जानकारी ली और कहा कि जनप्रतिनिधियों सहित गांव के सभी लोग एकजुट होकर अपने गांव को स्वच्छ रखने में योगदान दें। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने की अपील भी की। जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ अंचल कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत छोटेबेठिया की सरपंच श्रीमती सविता नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में घर-घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है और ग्रामीणों के सहयोग से सप्ताह में एक दिन सफाई अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवनों एवं गांव चौक चौराहों में वृक्षारोपण भी किया गया। कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए आगे भी इसी सफाई अभियान में योगदान देने की अपील की। इसी तरह भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत संबलपुर की सरपंच श्रीमती अनिता रावटे, दुर्गूकोंदल की सरपंच पार्वती साहू, चारामा विकासखंड के ग्राम पंचायत जैसाकरों की सरपंच श्रीमती हेमलता तारम, कांकेर विकासखंड के ग्राम पंचायत कोदागांव के सरपंच श्री पंचूराम नायक सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा गांव को स्वच्छ रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई।

शुभ मुहूर्त में विश्वकर्मा प्रतिमा की स्थापना के बाद पूजा की

दंतेवाड़ा 17 सितंबर। नगर ऑटो चालक संघ द्वारा हर्षोल्लास के साथ हर बार की तरह इस साल भी सृष्टि के रचचिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा शहर के मुख्य चौराहे ऑटो स्टेंड परिसर में स्थापित किया गया है। यह चतुर्थ वर्ष है जब ऑटो चालक संघ द्वारा विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। गौरतलब है कि चार वर्ष पूर्व नगर के बस स्टेंड के मुख्य चौक पर विश्वकर्मा भगवान की स्थापना नहीं की जाती थी। विश्वकर्मा पूजा देखने यहां के लोग बचेली किरंदुल का रूख किया करते थे लेकिन जब से नगर में ऑटो चालक संघ द्वारा विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित की जाने लगी तब से यहां के श्रद्धालुओं को विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना करने कहीं बाहर नहीं जाना पडता है अपने शहर में ही श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ ऑटो चालक संघ के इस विश्वकर्मा पूजा पंडाल पहुंचकर अपने आराध्य देव की पूजा आसानी से कर पा रहे हैं। आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा जी एक बार फिर से अपने भक्तों का कल्याण करने पधारे हैं। ऑटो चालक संघ ने बहुंत ही मेहनत करके सारी तैयारियां अच्छे से कर आज भगवान की स्थापना करवाई है। संघ के सदस्य बीती रात से ही तैयारियों में जूटे रहे। पंडाल बनाने के लिए बांस, रस्सी, पॉलिथिन समेत सजावट के तमाम सामग्री खरीदी कर रात से ही काम में लगे हुए थे आज सुबह एक सुंदर पंडाल सजकर तैयार हुआ जिसमें धुमधाम के साथ भगवान शिल्पी महाराज विराजे हैं। विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त करने बडी संख्या में श्रद्धालु भी पंडाल पहुंच रहे हैं। ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष अर्जुन नाग ने बताया कि यह चौथा वर्ष है जब हमारे संघ ने विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया है और आने वाले वर्षों में इसे और भी भव्य तरीके से मनाया जाएगा। आज दोपहर में भंडारा प्रसाद का वितरण होगा । संघ के अध्यक्ष श्री नाग ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भोग प्रसाद ग्रहण कर

एक नजर

जहरीले सांप के डसने से 3 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत

फिरंगेश्वर,17 सितंबर। ग्राम चैतरा में जहरीले सर्प के काटने से 3 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई है गांव वाले काफी डरे हुए है बच्चे के मौत से ग्राम में शोक का माहौल है। ग्राम में सर्प काटने की दूसरी घटना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चैतरा में ठाकुरराम साहू के पुत्र पूरब साहू उम्र 3 वर्श को रात्रि 2 बजे जहरीले सर्प ने काट लिया काटने के बाद बालक चिल्लाया एवं साप के जहर का असर होने लगा तो परिजनों ने उन्हें फिरंगेश्वर लेकर आए यहां पर उनकी हालात देखकर उसे तुरन्त महासमुंद जिला अस्पताल खरोरा रिफर कर दिया। यहां पर भी प्राथमिक उपचार के 1 घंटे के बाद स्थिति में सुधार नहीं आया तो डॉक्टर ने उसे रिफर कर दिया। इलाज के चलते उसकी 15 सितंबर को सुबह 5 बजे मृत्यु हो गई। इस घटना को लेकर पूरे ग्राम में शोक की लहर रही। इसके पहले इसी ग्राम में 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की भी सर्पदश से मौत हो गई थी।

परसदा में विश्वकर्मा जयंती, प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह आयोजित

नवापारा राजिम, 17 सितंबर। समीपस्थ ग्राम परसदा में राजीव लोचन विश्वकर्मा कर्मकार राजमिस्त्री मजदूर कल्याण संघ के तत्वाधान में प्राण प्रतिष्ठा,लोकार्पण एवं विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर मंगलवार को बाजार चौक में रखा गया है. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर एवं अध्यक्षता अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू करेंगे.वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में धनेंद्र साहू पूर्व मंत्री एवं विधायक,अति विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक,अशोक बजाज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष,रतिराम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता,चंद्रकला ध्रुव जिला पंचायत सदस्य रायपुर,प्रेमीन श्रीराम साहू जनपद सदस्य अभनपुर, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी अभनपुर,महेश्वरी तिलक राम साहू सरपंच,महेंद्र वर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत परसदा, डिगेश्वरी रमेश वर्मा पूर्व सभापति जनपद पंचायत अभनपुर होंगे.वहीं रात्रि कालीन नवकिरण नाचा पार्टी का भण्डारपुरी राजनांदगाँव वाले का कार्यक्रम होगा. विश्वकर्मा जयंती के पूर्व संध्या पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई.उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष दशरथ तारक ने दी।

थाना प्रभारी की सक्रियता से अवैध शराब बेचने वाला पकड़ाया

कवर्धा, 17 सितंबर। थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियो एवं अवैध कार्यो पर अंकुश लगाने श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भा.पु.से.),अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने पर कवर्धा थाना प्रभारी लालजी सिन्हा की मॉनिटरिंग में दिनांक 16/09/2024 को कवर्धा थाना पुलिस स्टाफ अवैध जुआ,सट्टा एवं आबकारी कार्यवाही पर टाउन/देहात रवाना हुआ था। दौरान भ्रमण के मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम समनापुर मे एक व्यक्ति अवैध धन अर्जित करने की नियत से शराब बिक्री हेतु रखा रहा है,कि मुखबीर सुचना के आधार पर पुलिस स्टाफ द्वारा मजगांव रोड तिराहा कवर्धा के पास रेड कार्यवाही किया। कार्यवाही दौरान एक व्यक्ति को शराब रखे पकड़ा गया। जिसे नाम- पता पूछने पर अपना नाम पुष्कर पटेल पिता परषोत्तम पटेल उम्र 65 साल साकिन जैताटोला थाना बोड़ला हाल समनापुर रोड कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम छ0ग0 का निवासी होना बताया, जिसके कब्जे से सफेद रंग के बोरी में 30 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 2700/रूपये एवं शराब बिक्री रकम-180/रू बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट पाये जाने से आरोपी पुष्कर पटेल के विरूद्व विधिवत कार्यवाही कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड में माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

भाजपा नेता की मौत के मामले में गिरफ्तार सरपंच के परिवार से मिले विधायक मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,17 सितंबर। सोमवार को बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी गिरफ्तार सरपंच विजय पाल शाह के पीडित परिवार से मिलने उनके गांव तोयनार पहुंचे इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर व अन्य कांग्रेस जन साथ रहे सरपंच की पत्नी बबीता ने पति के गिरफ्तारी के संबंध में पूरी जानकारी मंडावी को दी ..यहां बतादें कि गत छै माह पहले तोयनार के भाजपा नेता तिरुपति कटला को शादी समारोह मे नकसलियों. ने हत्या कर दी थी उस दौरान मौके पर मौजूद रहे गांव के सरपंच व अन्य लोगों ने वाहन की व्यवस्था कर गंभीर रूप से घायल तिरुपति कटला को जिला अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की थी लेकिन रास्ते में ही कटला की मौत हो गई इस मामले मे छै माह बाद पुलिस ने सरपंच सहित एक अन्य को आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया है इस पूरे मामले मे गांव के सैकड़ो लोगों ने पुलिस कार्यवाही का विरोध किया है और कहा है कि सरपंच निर्दोष है उस पर **Uapa** की धारा लगाना भी गलत है किसके दबाव मे ये गिरफ्तारी हुई है इसका हम पूरजोर विरोध करते है पूरी बात सुनने के बाद विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया और कहा कि हम इस मामले को उठायेंगे और जरूरत पडी तो आंदोलन भी करेंगे।

सीएम अरविन्द केजरीवाल की रिहाई सत्य की जीत:राजा ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 17 सितंबर। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रिय संयोजक एवम दिल्ली के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री अरविंद केजरीवाल जी की रिहाई पर आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता,पदाधिकारियों,महिला विंग , ब्लॉक अध्यक्ष,एवम समस्त सदस्य गण की उपस्थिति में राजिम के हृदय स्थल पंडित सुंदर लाल शर्मा चौकपर आतिश बाजी कर, एक दूसरे को मिठाई खिला कर गाजे बाजे के साथ हर्षोल्लास पूर्वक अपना खुशीयां जाहिर किआप नेता राजा ठाकुर ने बतया की माननीय अरविन्द केजरीवाल की रिहाई सत्य की जीत है सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं केजरीवाल जी केजरीवाल जी एक विचार हैं एक क्रांति हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पानी मे बेहतरीन परिवर्तन लाया हैं जो दिल्ली पंजाब की जनता के लिए वरदान साबित हुआ हैं जिसे राजनीतीक द्वेष के चलते जेल मे बंद कर दिये थे जिसके रिहाई से तानाशाही सरकार एवम् सविधान के रक्षा के लिए हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री अरविंद केजरीवाल, एवम् शीर्ष नेताओ को जेल भेजा गया फिर भी संघर्ष जारी रही और सत्य की जीत हुई। एस कार्यक्रम में शीर्ष नेता राजा ठाकुर, अरविन्द शर्मा, महेश यादव,महिला विंग जिलाध्यक्ष श्रीमती रामबाई दीवान , गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष श्री श्रवण यादव, पांडुका ब्लाक अध्यक्ष श्री सेवा राम साहू , फिरेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष श्री रुद्रसेन सिन्हा, छुरा ब्लॉक अध्यक्ष श्री चमन यादव,राजिम ब्लॉक अध्यक्ष श्री लोकेश कुमार साहू, रायपुर संभाग प्रभारी श्री मोहन चक्रधारी, संजय विश्वकर्मा,भोलू कहार, पारस निषाद, राज यादव, मोनिका साहू, श्रीमती रूखमणी साहू वरिष्ठ नेता,गंगा ध्रुव, प्रेमिन बाई, सगुनबाई, रामकुवर, बसंतीबाई, कांतीबाई, कुमारीबाई,अमरीका बाई, विश्वासा बाई, शांतिबाई, गुलशन मोंगरे, आत्माराम ठाकुर, सुकलाल ठाकुर, देवेंद्र साहू, ईश्वर ध्रुव, नोहर निषाद,भूपेंद्र राव, नीलकंठ पटेल, धरमू तारक, पीतांबर पटेल, दद्दू तारक,बृजलाल साहू , अर्जुन साहू,रूपराम निषाद,सुकदेव, वर्मा, डा लीला राम निषाद, बृजलाल,नकुल साहू, इंदल निषाद, एवम समस्त राजिम नगर वासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्व पूर्ण भूमिका, एवम सहयोग किए उक्त जानकारी राजिम ब्लॉक अध्यक्ष श्री लोकेश कुमार साहू ने दी।

राइस मिल में आग से करोड़ों का नुकसान

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई एक राइस मिल में मंगलवार सुबह भयंकर आग लग गई जिससे करोड़ों के नुकसान की बात सामने आई है घटना जेवर चौकी क्षेत्र आने वाले नमन फूड प्रोडक्ट्स की है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राइस मिल में लगी आग को बुझाने में अब तक 65 से ज्यादा टैंकर खाली हो चुके हैं। फिलहाल फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुड़े हुए हैं जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि रोड पर स्थित नमन फूड प्रोडक्ट्स में आज सुबह 6:00 बजे के लगभग आग लग गई। आग किस कारण से लगा है फिलहाल यह अज्ञात है। आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जहां हालात बेहद खराब थे। पिछले 7 घंटे से फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। आगजनी के कारण करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है राइस मिल के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

दिव्यांग बच्चों का प्यार और बुजुर्गों का आशीर्वाद ही मेरा उपहार:अजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 17 सितंबर। कहते है बरगद की पेड़ की उम्र 250 वर्षों का होता है पर बुजुर्गों का आशीर्वाद आपके साथ 7 जन्मो तक साथ नहीं छोड़ता,बुजुर्गों का आशीर्वाद अनमोल होता है दिल से आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात होती है,ये वो बुजुर्ग है शायद जिन्हे उनके अपनों ने भी अपनाया नहीं , पर आज नगर का एक उभरता युवाक अजय रोहरा ने अपना जन्मदिन इनके साथ एक परिवार के सदस्य की तरह मनाया और उन सबको ये विश्वास भी दिलाया की भविष्य में अगर कभी भी किसी चीज की जरूरत हो , कोई दिक्कत हो वो उनसे सीधे संपर्क उनसे संपर्क करे सियान सेवा सदन आश्रम में वृद्धजनो के साथ भाजपा के युवा नेता अजय रोहरा ने जन्मदिन मनाया इस मौके पर आश्रम में उपस्थित वृद्धजनो ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया इसी कड़ी में आज जन्मदिन के मौके पर अजय रोहरा जिला अस्पताल पहुचे वहाँ मरीजों से मिले उनका कुशलक्षेम जाना और फल वितरण किया इसके पश्चयात कोकड़ी एवं गरियाबंद स्थित दिव्यांग स्कूल के होनहार बच्चों के साथ केक काटा बच्चों को टाफिया और मिष्ठान बाटा वही बच्चों ने अजय के जन्मदिन पर कविता भी सुनाया दिव्यांग बच्चों के बीच अजय रोहरा एक परिवार की तरह अपना जन्मदिन मनाया । अजय रोहरा प्रारंभ से ही युवाओं के बीच लोकप्रिय रहे है साथ ही अपने मित्रों के सुख-दुख में पहुंचकर उनके समस्याओं को हल करने के लिए सदैव आगे रहे हैं यही वजह है कि आज उनके जन्मदिन पर सैकड़ो की संख्या में गरियाबंद के प्रत्येक वार्ड में केक काटा गया।

इस अवसर पर अजय रोहरा ने कहा ...दिव्यांग बच्चों का प्यार बुजुर्गों का आशीर्वाद ही मेरे लिए उपहार है। अजय रोहरा ने अपील करते हुए कहा कि नगर और जिलेवासीयो से कहा आप सभी अपने जन्मदिन हो या बच्चों का जन्मदिन, सालगिरह के उत्सव पर दिव्यांग स्कूल हो या वृद्ध आश्रम जरूर जाए और साथ ही अपने बच्चों को भी लेकर जाए उन्हें सेवा भाव सीखाये उन्होंने कहा की जन्मदिन अपने घर पर मनाते है उसमें हमें उतनी खुशी नहीं मिलती जितनी हमें अपने दिव्यांग भाई बहिन एवं वृद्धाजन के साथ मनाने से मिलती है

रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 17 सितंबर। राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राऊत की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्यस्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना जम्बूरी, जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, सदस्यता अभियान, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर, एम्बुलेंस का संचालन, निश्चय मित्र अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण एवं स्कूलों और महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की गई। जनरल सेक्रेटरी श्री राऊत ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी में जनप्रतिनिधियों सहित हाईस्कूल से लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सदस्य बनाने पर जोर दिया जाए, ताकि रेडक्रास सदस्यों के मन में दुर्घटना व आपदा के दौरान पीड़ितों की सहायता, मानवता और निष्पक्षता की भावना पैदा हो। उन्होंने रेडक्रास सदस्यता के लिए 30 सितम्बर तक व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समिति में पदाधिकारियों का नियमानुसार निर्वाचन की प्रक्रिया अक्टूबर, नवम्बर माह में की जायेगी। इसके लिए अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने के लिए लोगों को जागरूक की जाए। साथ ही औद्योगिक संस्थान एवं जनप्रतिनिधियों को भी रेडक्रास का सदस्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन अशोक अग्रवाल, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सी ई ओ श्रीमती रीता यादव, एस डी एम श्री राकेश गोलछा सहित रेडक्रास के सदस्य एवं विभागीय अधिकारीगण शामिल हुए। इस अवसर पर जनरल सेक्रेटरी, चेयरमेन एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में रेडक्रास के शाखा कार्यालय का लोकार्पण भी किया।इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत एवं नगर के वरिष्ठ पत्रकार फारूक मेमन ने स्वप्रेरणा से रेडक्रास सोसायटी का आजीवन सदस्यता ग्रहण की बैठक में श्री राऊत ने जिले में स्थित राईस मिलों के श्रमिकों, पत्थर खदानों के कामगार, कॉलेज के विद्यार्थी, पुलिस विभाग में खासकर नगर सैनिक, यातायात पुलिस, ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव, पंच-सरपंच, कोटवारों को आपातकालीन स्वास्थ्य स्थिति में प्राथमिक सहायता हेतु प्रशिक्षण देने पर बल दिया। रेड क्रॉस सोसायटी के अंतर्गत शहरी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के साथ ही उन्हें फर्स्ट एड प्राथमिक सहायता की जानकारी व रेड क्रॉस से संबंधित कार्यों से अवगत कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों से कहा। श्री राऊत ने रेड क्रॉस सोसायटी का बेहतर प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी अंतर्गत प्रबंध समिति गठित करने और एक राज्य स्तरीय अधिकारी को समिति में नियुक्त करने को कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में जिले में संचालित रेड क्रॉस सोसाइटी के गतिविधियों, वृद्धाश्रम संचालन, टीबी मरीजों की सहायता के लिए निक्षय मित्रों की उपलब्धता, रक्तदान शिविर, सदस्य, ब्लड बैंक एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बैठक में श्री राऊत ने कॉलेज विद्यार्थियों के रक्त समूह की जांच के लिए कैम्प लगाने के निर्देश दिये। साथ ही समय-समय पर रक्तदान शिविर भी आयोजित करने के निर्देश दिये।

संगोष्ठी में किसानों को प्राकृतिक कृषि की जानकारी दी गई

महासमुन्द 17 सितम्बर । कृषि विज्ञान केन्द्र, भलेसर, महासमुंद एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कांपा, महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में कृषि देवता भगवान श्री बलराम जी की जयंती पर भगवान श्री बलराम जयंती-किसान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर भगवान श्री बलराम की पूजा अर्चना एवं पारंपरिक कृषि यंत्रों तथा गौ माता की पूजा अर्चना किया गया। भगवान श्री बलराम जयंती किसान दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में ÷प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका सीधा प्रसारण के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद में उपस्थित अतिथि एवं कृषकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं अन्य अतिथिगणों के उद्बोधन को सुना गया।इस अवसर

पीएम मोदी की संकल्पना थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

बीजापुर,17 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनसंपर्क विभाग बीजापुर द्वारा विकसित भारत - मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित छाया चित्र प्रदर्शनी कल 17 सितंबर 2024 को स्वामी आत्मानंद स्कूल के लगाई जा रही है। फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई देगी। छाया चित्र प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा। गणमान्य नागरिक 11.00 बजे से उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे।

खुशनुमा माहौल में मनाया गया ईद का पर्व

भोपाल पटनम, 17 सितंबर। इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सोमवार को भोपालपटनम नगर में मुस्लिम समाज ने बड़े ही शान व शौकत के साथ जुलूस ए मोहम्दी निकला । जुलूस में मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सोमवार की सुबह 10:00 बजे भोपालपटनम जमा मस्जिद से अंजुमन इस्लामिया कमेटी की अगुवाई में जुलूसे मोहम्दी बड़े ही शान व शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस मस्जिद से निकलकर नगर के मुख्य मार्ग से बाजारपारा होते हुए शिव मंदिर के पास से हाईस्कूल के सामने सिद्दीकी ब्रदर्स के घर से वापिस मस्जिद पहुंची जहां परचम पूसाई की रस्म अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर जब आमिर खान और सभी अहेदारों की मौजूदगी में अदा की गई इसके बाद मस्जिद में देश में अमन चैन शांति कायम रहे इसके लिए दुआ मांगी गई ।फतिया के बाद सभी जमात के लोगों को मिठाई तक्सीम की गई और मस्जिद में कमेटी की ओर से बाद जौहर 2:00 बजे से लंगर का भी इंतजाम किया गया।

कलेक्टर ने प्रभारी मंडल संयोजक को किया निलंबित

बीजापुर,17 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा पैसों के लेन-देन संबंध में आडियो जारी होने पर प्रभारी मंडल संयोजक श्री कैलाश चंद्र रामटेके को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में श्री कैलाश चंद्र रामटेके शिक्षक एलबी का मुख्यालय कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी विकास खंड उसूर में निर्धारित किया गया है।निलंबन की अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।वहीं प्रभारी अधीक्षिका जिनके बीच पैसों का लेन-देन वाला आडियो जारी हुआ था उक्त अधीक्षिका कुमारी लक्ष्मी पदम को दो दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष दस्तावेजी प्रमाण पत्र के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है। उक्त अधीक्षिका द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

युवक-युवती को बदमाशों ने लूटा

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र के रसमड़ा से नदी रोड पर रविवार की रात स्कूटी से घूमने निकले युवक युवती से चार बदमाशों ने मारपीट कर लूटपाट की चारों एक ही बाइक पर सवार थे उन्होंने गाड़ी से चलते हुए पीड़ितों को डंडे से मारा, जिससे वे अनियंत्रित होकर गिर गए तो आरोपितों ने मारपीट कर उनकी स्कूटी लूट ली घटना की शिकायत पर अंजोरा पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ लूट की धारा के तहत प्राथमिकी कर उनकी पतासाजी शुरू की है अंजोर चौकी पुलिस ने बताया कि शीतला पारा रमसड़ा निवासी नितिन कुमार साहू (22 साल) रात को करीब नौ बजे ग्राम खपरी निवासी गर्लफ्रेंड के साथ घूमने निकला था दोनों रसमड़ा से नदी रोड वाले रास्ते से आ रहे थे रास्ता काफी सुनसान था रास्ते में एक बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें देखा और चलती गाड़ी से नितिन को डंडे से मारा, जिससे वह और उसकी गर्लफ्रेंड नीचे गिर गए इसके बाद चारों आरोपितों ने दोनों पीड़ितों से मारपीट की और उनकी स्कूटी लूटकर फरार हो गए पीड़ितों ने वहीं से डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपितों की पतासाजी शुरू की अंजोरा पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है चलती गाड़ी से डंडा मारकर युवक युवती को गिराया और फिर मारपीट कर की लूट रसमड़ा से नदी रोड पर रात को हुई थी घटना।

बदमाशों ने प्रधान आरक्षक को लूटने का प्रयास किया

भिलाई, 17 सितंबर। भिलाई दुर्ग के पदनाभपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत रावटे से दो बदमाशों ने पिस्टल जैसा दिखने वाला लाइटर दिखाकर लूटपाट का प्रयास किया धमधा रोड बोगदा पुलिया के पास देर रात तीन बजे आरोपितों ने उसे देखकर पिस्टल को गोली लोड करने का दिखावा करते हुए लूट की नीयत से उसकी ओर बढ़े जान बचाने हवलदार भागकर मोहन नगर थाने पहुंचा शिकायत पर पुलिस ने कार के पंजीयन नंबर के आधार पर दीपक नगर दुर्ग निवासी आरोपित सहज अब्दी (26 साल) और पारिजात कालोनी तालपुरी निवासी निवासी यज़दत मंडावी (19 साल) को गिरफ्तार किया आरोपितों के पास से पिस्टल जैसा दिखने वाला लाइटर भी जब्त किया गया है प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत रात ड्यूटी से छूटने के बाद दोस्त की बेटी के जन्मदिन पर उसके घर बोरसी गया था। रात करीब 12 बजे वह वापस घर लौट रहा था महाराजा चौक के पास पहुंचने पर उसे फोन पर जानकारी मिली कि महाराजा चौक से होकर गुजरी कार सीजी-07 सीएम 8808 में सवार लोगों के पास पिस्टल है इस पर प्रधान आरक्षक ने कार को देखा तो उसका

पीछा करना शुरू किया। थाने के स्टाफ को कोई सूचना नहीं दी और अकेले ही पीछा करने लगा। आरोपित कार से रात करीब तीन बजे धमधा रोड बोगदा पुलिया के पास पहुंचे। पीछे प्रधान आरक्षक भी पहुंचा उस समय प्रधान आरक्षक वर्दी में नहीं था तो उसे देखकर आरोपितों ने पिस्टल में बुलेट लोड करने का दिखावा करते हुए कार से उतरकर उसकी ओर बढ़े उन्हें देख प्रधान आरक्षक डरकर थाने पहुंचा देर रात कार में पिस्टल लेकर घूम रहे बदमाशों की सूचना मिलने पर पीछा कर रहा था प्रधान आरक्षक बोगदा पुलिया के पास हवलदार की ओर बढ़े आरोपित तो वहां से भागकर थाने पहुंचा।

गणेश पंडाल में सफाई कर्मियों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 17 सितम्बर। सम्मान का वो पूरा हकदार है जिसने अपने कार्य को पूरी लगन और निष्ठा के साथ साथ ईमानदारी से किया हो, ऐसे ही ही सोच के साथ संजय वार्ड के बढ़ाई पारा मोहल्ले में विराजित बाल गणेश उत्सव के पंडाल में वार्ड के पार्षद प्रमेंद्र तिवारी ने सफाई कामगारों और सुपर वाइजर का शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया, क्योंकि वार्ड की जनता ने कहा की इन लोगो ने नियमित रूप से अपनी जवाबदारी का ईमानदारी से निर्वहन किया है।

संजय वार्ड के बाल गणेश उत्सव समिति के पंडाल में रविवार को एक ऐसा पल आया जिसकी कल्पना कभी किसी ने सोची नही थी।इस पंडाल पर रोजाना भजन गायकों द्वारा भजन की गंगा प्रवाहित की जा रही है और सभी गायक कलाकार और कोरस देने वालो का सम्मान समिति के द्वारा किया जा रहा है।रविवार को भजन कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व जब जब माइक से सम्मान होने का अनाउंस होने का ध्वनि प्रसारण हुआ तो वार्ड वासी भी चकित रह गए की शुरुआत में किसका सम्मान होने जा रहा है।वार्ड पार्षद और समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रमेंद्र तिवारी ने इस छोटे लेकिन गरिमामय पल में इस वार्ड

में नियमित रूप से सफाई करने वाले सरजू चौहान, राजहंश चौहान और सुपरवाइजर धनेश तिवारी का कार्यक्रम स्थल पर शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।वार्ड वासियों ने उनके कार्यों की प्रशंशा करते हुआ कहा है कि ये लोग अपने दायित्वों और कार्तव्यो का पालन पूरी ईमानदारी से किया है और इनको भी सम्मानित किया जाना चाहिए।इस अवसर पर वार्ड के सक्रिय पार्षद प्रमेंद्र तिवारी ने कहा कि सम्मान की कोई सीमा नही होती, कोई दायरा नही होता, सम्मान का हर वो इंसान हकदार है जिसने अपने मिले कार्य को बखूबी से किया हो, मुझे खुशी हो रही है की आज इस पंडाल से मुझे ऐसे लोगो का सम्मान करने का अवसर मिला, जिसकी आज इनको जरूरत थी। मै इनके कार्यों से अभिभूत हु।

वार्ड पार्षद और समिति के लोगो से मिले सम्मान से सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर खुश और प्रफुल्लित नजर आए और उन्होंने कहा की ये एक अविस्मरणीय क्षण है जिसकी कल्पना सपने में भी नही थी।इस अवसर पर नगर के भजन सम्राट हरीश शर्मा, सुरेश जोशी, धन्ना तिवारी, लच्छू काका, जीतू तिवारी, मयंक बिस्सा, रतन शर्मा, संजय चौहान, रज्जन चौरसिया सहित काफी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

मड़ेली में रामलला के स्वरूप में स्थापित गणेश की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

भखारा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरे राज्य सहित गांव-गांव व मोहल्ले में विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। इस मौके पर लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में भी प्रथम पूज्य गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर रोजाना सुबह शाम पूजा अर्चना की जा रही है। इन दिनों गणेश उत्सव की धूम चल रहा है और नगर में गणेश उत्सव की धूम देखने को मिल रहा है। गणेश उत्सव के दौरान नगर में विघ्नहर्ता की जगह-जगह मूर्ति स्थापित की गई है भादो की पवित्र महीने में हर साल 11 दिनों तक घर-घर व चौक-चौराहे में विराजने वाले लंबोदर महाराज की भक्ति से पूरा वातावरण गणेशमय हो चुका है वहीं उनकी

पूजा-अर्चना कर आमजन बल, बुद्धि, ज्ञान और जीवन में खुशहाली की प्राप्ति की कामना में लगे हुए हैं। इस साल मूर्तिकार भगवान गणेश को कई तरह का रूप देकर सुर्खियां बटोर रहे हैं वही ग्राम मड़ेली में काली माता मंदिर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को अयोध्या के भगवान रामलला के हूबहू रूप दिया गया है जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गणेश उत्सव समिति के युगल बैस ने बताया कि हर साल मां काली बाल गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में गणेश की स्थापना करते हैं और सभी समिति सदस्य सुबह शाम भगवान गणेश की भक्ति मे लीन रहते हैं। भक्तो की भीड़ भगवान के अद्भुत रूप का दर्शन करने लगी रहती है।

एक नजर

'विकसित भारत : मोदी की संकल्पना' थीम पर आउटडोर स्टेडियम में एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

बलौदाबाज़ार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत : मोदी की संकल्पना थीम पर आउट डोर स्टेडियम में एक दिवसीय फ़ोटो प्रदर्शनी लगाई जा रही है। फ़ोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई देगी। फ़ोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। फ़ोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा। आउटडोर स्टेडियम में रोमांचक खेलो के साथ ही फ़ोटो प्रदर्शनी का अवलोकन आम नागरिक कर सकते हैं।

सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति ने किया प्रसादी का वितरण

भखारा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति सुपेला चांदनी चौक के तत्वाधान में स्थापित गणेश प्रतिमा की हवन पूजन के अवसर पर प्रसादी वितरण किया गया इस अवसर पर सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति के ढाकेश्वर साहू, ललेश्वर यादव, मुकेश यादव, ऋषभ निषाद, मोनू यादव, टिकेश्वर यादव, हेमंत साहू, जयप्रकाश यादव, नुकेश साहू, निरंजन यादव, रघुनाथ साहू, फ़त्तेंद्र साहू, डोमेश यादव, चेतन यादव आदि उपस्थित रहे।

शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर युवक से ठगी करने वाले 2 गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रार्थी लेखराम साहू निवासी ग्राम बरपाली द्वारा, चौकी गिरौदपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी शांतनु एवं मन प्रसाद द्वारा वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर मुझसे ठगी किया गया है। इसके लिए प्रार्थी द्वारा आरोपियों को अलग-अलग स्थानों एवं किस्तों में 8 लाख की रकम दिया गया, किंतु प्रार्थी का शासकीय नौकरी नहीं लगा। इस पर प्रार्थी लेखराम द्वारा रुपए वापस करने के लिए आरोपियों को बार-बार कहा गया, किंतु आरोपियों द्वारा पैसा वापस ना कर केवल आश्वासन देते हुए बहाने बनाकर बार-बार घुमाया गया। इस प्रकार आरोपियों द्वारा वनविभाग में नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी को झांसा देते हुए 8 लाख रकम की ठगी किया गया है। की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी गिरौदपुरी थाना गिधौरी में अपराध क्र. 194/2024 धारा 420, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में चौकी गिरौदपुरी की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शांतनू एवं मनप्रसाद को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी को वन विभाग में नौकरी लगाने का लालच देते हुए उससे 8 लाख रकम लेना स्वीकार किया गया। विवेचना क्रम में आरोपियों द्वारा कई अन्य बेरोजगार युवाओं से भी शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का पता चला है, जिसके संबंध में जांच कार्रवाई जारी है। कि प्रकरण में 16 सितम्बर को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम शांतनू उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मडवा पुलिस चौकी गिरौदपुरी मनप्रसाद उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कुर्राहा थाना कसडोल है।

ग्रामीणों को जंगली जानवरों से बचाने वन विभाग नहीं है गंभीर

भालुओं के हमले से ग्रामीण की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

चारामा, 17 सितम्बर। जंगली जानवरों के हमले से अब तक न जाने कितने ही निर्दोष ग्रामीणों की जान जा चुकी है। लगातार हो रही ग्रामीणों की मौत के बाद भी वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जंगली जानवरों के हमले से लोगों को बचाने में अक्षम नजर आ रहे हैं। वहीं जंगली जानवरों से हमले होने के बाद घायल या फिर मृतक व्यक्ति के परिवार को वन विभाग की ओर से दी जाने वाली सरकारी मुआवजे की राशि के लिए प्रकरण तैयार कर अधिकारियों के द्वारा केवल खाना पूर्ति की कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को संतुष्ट करने का ढ़ोंग किया जा रहा है। जंगली जानवरों के हमले के शिकार होने वाले ग्रामीणों को सुरक्षित रखने वन विभाग के अधिकारियों के पास कोई ठोस नीति नहीं है। जिसका खामियाजा इन ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। अक्सर देखा गया है कि जंगली जानवरों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में कुछ अनहोनी घटना घटित होने के बाद ही वन अमला वहां पहुंचता है। वह भी ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद अन्यथा वन विभाग की उनके ही क्षेत्रों में कई बार उपस्थिति शून्य देखी जा रही है। ताजा मामला वन परिक्षेत्र चारामा के ग्राम टंहकापार का सामने आया है। जिसमें 03 खूंखार जंगली भालुओं ने एक बार फिर से एक ग्रामीण को अपना शिकार बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया है। टिकेश्वर पटेल ग्राम टंहकापार का निवासी है। जिसकी उम्र केवल 25 वर्ष बताई जा रही है। जिसे विगत 14 सितंबर की रात्रि मे 03 जंगली भालुओं ने अपना निशाना बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। फिलहाल सूचना मिलने पर वन अमले ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कर लिया है। जो उस युवक की मौत के एवज में उसके परिवार को सरकारी मुआवजा राशि दिलाने के काम आएगा। लेकिन कब तक वन विभाग की अनदेखी और लापरवाही की सजा इन भोले-भाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। ये एक बड़ा सवाल है।

सेंचुरी सीमेंट लाइमस्टोन व केसला लाइमस्टोन खदान में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

तिल्दा-नेवरा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय खान ब्यूरो रायपुर के तत्वाधान में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है इसी अनुक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट के सेंचुरी सीमेंट चुना पत्थर खदान बैकुंठ व केसला चुना पत्थर खदान में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया, उक्त कार्यक्रम में खान प्रमुख अशोक कुमार सिन्हाजी द्वारा खान परिसर एवं कार्यक्षेत्र के साथ साथ अपने घर और आस पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखने के लिए भाषण के माध्यम से सभी का मार्गदर्शन किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का सन्देश दिया गया। खान प्रबंधक रविंदर पाल सिंह भाटिया द्वारा समस्त अधिकारी कर्मचारियों को स्वछता शपथ दिलाया गया और स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में खदान के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं ठेकाकर्मियों ने बढ़ चढ़कर बड़ी संख्या में भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनया।कार्यक्रम में आगामी पंद्रह दिन के दैनिक स्वच्छता कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। विभाग के कर्मचारियों एवं आसपास के स्कूल के बच्चो के लिए स्वच्छता सम्बन्धी विभिन्न प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया जाना है जिसमें कविता, निबंध, स्लोगन लेखन आदि शामिल है इसके साथ ही साथ सफाई अभियान, वृक्षारोपण और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा।

कलेक्टर ने किया छात्रावास अधीक्षक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

बलौदाबाजार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी ने रविवार को छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बलौदाबाजार स्थित परीक्षा केंद्र पण्डित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एमडीवी का निरीक्षण किया।उन्होंने केद्राध्यक्ष, ऑब्जर्वर एवं वीक्षकों को सतर्कता एवं सावधानी पूर्वक परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने उपस्थित और अनुपस्थित अभर्थियों की जानकारी ली। पण्डित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय में 257 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 143 अनुपस्थित एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एमडीवी में 138 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 62 अनुपस्थित थे। परीक्षा का आयोजन प्रथम पाली में अपरान्ह 12 बजे से अपरान्ह 2:15 बजे तक किया गया। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार को आयोजित छात्रवास अधीक्षक श्रेणी 'द' परीक्षा के लिए जिले में कुल 59 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। परीक्षा के लिए कुल 16508अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था जिसमें से 9918 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 6590 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

नगर में बेतरतीब लगे विज्ञापन वाले अवैध होर्डिंग्स से दुर्घटना की आशंका

चारामा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत चारामा के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में कुछ लोगों के द्वारा स्थानीय अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर जगह-जगह पर विज्ञापन के लिए भारी संख्या में अवैध होर्डींग्स बोर्ड लगा दिए गए हैं। बिना विभागीय सहमति के अवैध ढंग से लगाए गए इन विज्ञापन बोर्डो से नगर पंचायत चारामा को राजस्व का भारी-भरकम नुकसान तो हो ही रहा है। वहीं विज्ञापन बोर्ड लगाते समय कारोबारियों के द्वारा उसकी गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा गया है। जहां पर कहीं-कहीं तो विज्ञापन वाली बड़ी-बड़ी बोर्ड को लोहे की गडर के बजाए लकड़ी की बल्लियों के सहारे खड़ा कर दिया गया है। जो सड़क पर से गुजरने वाले राहगीरों के लिए किसी दिन जानलेवा साबित हो सकता है। दिन-रात व्यस्त रहने वाली इन सड़कों पर से लगातार लोगों का आना-जाना लगा रहता है। जिससे लोगों के ऊपर इससे होने वाली दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता हुआ दिखाई दे रहा है। विज्ञापन का कारोबार करने वाले व्यापारी अपने इन अवैध विज्ञापन बोर्ड से सालाना लाखों की इनकम ले रहे हैं। जिसके बाद भी नगर पंचायत को इनसे मिलने वाली राजस्व का सीधा-सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्षा ऋतु के चलते आँधी तुफान, गरज-चमक व अधिक बारिश होने की आए दिन मौसम विभाग से रेड, येलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। जिसके बाद भी नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को और न ही यहां के स्थानीय प्रशासन को अवैध विज्ञापन बोर्ड से होने वाली किसी भी अनहोनी घटना का अंदाजा नहीं है। हॉल ही मे सदर बाजार चारामा के गौरव पथ पर एक अवैध सोलर लाईट के खंभे के रास्ते से गुजर रहे व्यक्ति के ऊपर अचानक से गिर जाने से उसके गंभीर रुप से घायल होने की खबरें पूरे छत्तीसगढ़ में सुर्खियों में रही है। जिसके बावजूद प्रशासन की कान पर जूं नहीं रेंग रहा है। अब इसी तरह का दुसरा मामला इन अवैध होर्डींग्स को लेकर सामने आ रहा है। नेशनल हाइवे के दोनों ही किनारों पर लगे इन अवैध होर्डींग्स की चपेट में आने पर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। इस बात को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को इसकी समय रहते जवाबदारी तय करने की आवश्यकता है।

तहसीलदार नीलमणि दुबे के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 17 सितम्बर। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बलौदाबाजार, तिल्दा नेवरा एवं अन्य स्थानों के भाजपाईयों ने सिमगा तहसील नीलमणि दुबे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

बलौदाबाजार भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े के नेतृत्व में तहसीलदार नीलमणि दुबे के खिलाफएफ़ आई, आर, दर्ज कर कार्यवाही की मांग पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार से की गई है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार जिले के सिमगा तहसील में पदस्थ तहसीलदार नीलमणि दुबे ने राजस्व मंत्री पर पैसे लेकर ट्रांसफर करने का आरोप लगाया था उन्होंने कहा कि ट्रांसफर क्राइटेरिया का पालन नहीं किया गया, यह सब राजस्व मंत्री के बंगले से हो रहा है उन्होंने कहा कि ट्रांसफर आर्डर के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। डॉ सनम जांगड़े ने कहा कि तहसीलदार नीलमणि दुबे ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के ऊपर दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाकर मंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

तहसीलदार नीलमणि दुबे द्वारा कनिष्ठ प्रसासनिक सेवा संघ का अध्यक्ष होने का रौब दिखाकर मंत्री के ऊपर लाछन लगाकर ख्याति को

हानि पहुंचाया गया है। ज्ञापन सौपने वालों में डॉ सनम जांगड़े, विजय केशरवानी, टेसूलाल धुरंधर, धनंजय साहू, नरेश केशरवानी, चितावर जायसवाल, पुरुषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, राजेश वर्मा, संकेत शुक्ला, शशिभूषण शुक्ला, पुरुषोत्तम साहू, राकेश ध्रुव, शिव, नरेश मिश्रा, संजय वास, राकेश सिंह, वेदांत रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वहीं तिल्दा नेवरा भाजपा जिला महामंत्री ग्रामीण अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में मंत्री टंकराम वर्मा के खिलाफ बयान देने पर सिमगा तहसील नीलमणि दुबे के खिलाफ कार्यवाही करने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। भाजपाईयों ने सिमगा तहसीलदार के बयान की निंदा की जिसमें राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पर पैसे लेकर ट्रांसफर और पोस्टिंग करने का झूठा और बेबुनियाद आरोप लगाया गया था। भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा है कि नीलमणि दुबे का बयान मानसिक दिवलियापन को दर्शाता है मंत्री टंकराम वर्मा की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है हम इसकी निंदा करते हैं कि नीलमणि दुबे के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाए।

उधर प्रशासनिक सेवा संघ ने नीलमणि दुबे के बयान के बयान पर किनारा करते हुए संगठन के सचिव गुरूदत्त पंचभाये और कोषाध्यक्ष राममूर्ति दीवान ने भास्कर न्यूज से कहा है कि नीलमणि दुबे ने बयान से पहले कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों कोई चर्चा नहीं की किसी भी तरह का प्रस्ताव भी नहीं कराया गया है संघ के अध्यक्ष नीलमणि दुबे के बयान को व्यकिगत करार दिया और इस पर कोई जिम्मेदारी नहीं ली। संघ ने यह चेतावनी भी दी है कि भविष्य में किसी सदस्य को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए। बताते चलें कि सिमगा में पदस्थ तहसीलदार शुरू से ही विवादित रहे हैं, और आम जनता इनके क्रियाकलापों से परेशान रहे हैं।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी मुस्लिम जमात ने सादगी से मनाया

युवाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को किया फल वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 17 सितम्बर। इस वर्ष छुरा नगर मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी मुस्लिम जमात द्वारा पूरी तरह सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया, जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समाज के लोग बड़े ही धूमधाम से मनाते है इस दिन मुस्लिम धर्म गुरु पैगंबर साहब का जन्मदिन के रूप मे मनाते है, इस खास दिन के लिये मुस्लिम जमात ने पंद्रह दिन पहले से मस्जिद को सजाया गया था सोमवार को भी सुन्नी मुस्लिम जमात छुरा द्वारा ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही धूमधाम से सादगीपूर्ण तरीके से मनाते हुए सुबह 10 बजे सुन्नी मुस्लिम मस्जिद मे इमाम गुलाम मुस्तफ़ा साहब व समाज के अध्यक्ष अब्बास बेग द्वारा परचम कुशाई कि रस्म अदा कि गई जिसके बाद समाज के लोगो के द्वारा सादगीपूर्ण तरीके से जुलुस निकाला गया जुलुस सुन्नी मुस्लिम मस्जिद से निकलकर इमामबाड़ा, से सदर चौक, बजरंग चौक, शिव चौक, होते हुए सुन्नी मुस्लिम मस्जिद वापस पहुंची जहाँ समाज के होनहार बच्चो को इनाम वितरण किया गया जिसके बाद मुस्लिम समाज द्वारा दरुद फ़ातिहा कर देश मे अमन चैन व भाईचारे के लिये

विशेष दुआ कि गई वही इस खास मौके पर मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा शासकीय सामुदायिक केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चो मे खासा उत्साह दिखा छोटे छोटे बच्चे सुबह से नये नये कपड़े पहनकर हाथ मे झंडा लेकर मस्जिद पहुंच गये थे इस अवसर पर हाजी अब्दुल रहमान मेमन, हाजी चिराग अली, हाजी अब्दुल सत्तार मेमन, हाजी सुल्तान खान, हाजी आरीफ मेमन, हाजी अब्दुल सत्तार खान, अब्दुल समद खान, जब्बार खान, अब्बास बेग, युनुस मेमन, समीम खान, नासीर मेमन, इलयास मेमन, सिकंदर खान, कादर खान, इस्माइल मेमन, लक्की मेमन, सहित बड़ी संख्या मे मुस्लिम जमात के लोग मौजूद थे।

हर्षोल्लास से मनाया गया ईद मिलाद-उन-नबी पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 17 सितम्बर। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुस्लिम समाज के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से एकजुट होकर रैली निकाली गई। समाज के प्रमुख अध्यक्ष ने कहा कि इस्लाम धर्म में हर साल रबी उल अव्वल महीने की 12 तारीख को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। उन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस त्योहार को नबी मुहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है।

संजय बैस ने दी बधाई व

बांटे हलवा और शरबत: जनपद पंचायत सदस्य कुसुमकसा के संजय बैस ने मिलाद-उन-नबी पर सभी कुसुमकसा मुस्लिम समाज के सदस्यों को गले लगाकर और हाथ मिलाते हुए बधाई दी और सभी से ''पाक कुरान की पवित्र शिक्षाओं को आत्मसात करने तथा एक शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लेने'' को कहा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, ''पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन, जिसे मिलाद-उन-नबी के रूप में मनाया जाता है, पर मैं सभी क्षेत्रवासियों, विशेषकर हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देता हूं.'' संजय बैस ने कहा, ''पैगंबर मुहम्मद ने हमें प्रेम और भाईचारे की भावनाओं को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में समानता और सद्भाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को दूसरों के प्रति दयालु होने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में आये सभी लोगो के लिए हलवा एवम शरबत का वितरण किया गया। इस सफल कार्यक्रम के दौरान संतोष जैन, रवि यादव, संजय बैस, मुस्लिम समाज कुसुमकसा के सदर शब्बीर खान, हाजी जनाब दिलदार साहब, मौलाना मोहमद याकूब खान समीम खान, डाक्टर नसीम खान, शमशेर खान, शरीफखान नईम कुरैशी, आबिद बेग, अहमद बेग, हसीब खान, गुलाम खान, खलील भाई, शानू सद्दाम खान, आशिफ बेग, कलाम खान, साजिद खान, नदीम खान, वसीम जावेद खान इमरान खान हकीम खान अरशद खान जलील कुरैशी खान एवम अन्य सदस्य उपस्थित थे।

एक नजर

प्रेमिका की गला रेतकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

रायपुर, 17 सितम्बर। मरीन ड्राइव के सामने स्थित मोमो मैजिक कैफे के नीचे बेसमेंट एक युवक ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया धनेश्वरी यादव 27 वर्ष मौलीपारा तेलीबांधा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी लोकेश्वर तारक 26 वर्ष ने मरीन ड्राइव के सामने स्थित मोमो मैजिक कैफे के नीचे बेसमेंट में प्रार्थिया के सहेली योगिता साहू 24 वर्ष के गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के लिए तालाब में कूद गया। जिसे पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर, 17 सितम्बर। जिला एवं सत्र न्यायालय में भृत्य के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुमार बंजारे 23 वर्ष ग्राम कोदवा थाना पलारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी केशव प्रसाद बंजारे ने प्रार्थी व अन्य लोगों को जिला एवं सत्र न्यायालय में भृत्य के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

परीक्षा दिलाने का झांसा देकर 1 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर, 17 सितम्बर। बस स्टेण्ड भाठागांव के पास नर्सिंग ऑफिसर का परीक्षा देने का झांसा देकर 52 लोगों से 1 लाख 6 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भगवती दास 36 वर्ष धमतरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि बस स्टेण्ड भाठागांव के पास आरोपी सौरव वैष्णव नने प्रार्थी व अन्य 51 लोगों को एम्स अस्पजाल में नर्सिंग ऑफिस का परीक्षा देने के लिए रायपुर से तेलांगना ले जाने के नाम पर 1 लाख 6 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मैदान में खड़ी बाइक पार

रायपुर, 17 सितम्बर। लाखेनगर मैदान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उपेन्द्र कुमार निषाद 35 वर्ष लक्ष्मीनगर पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएच 4414 को लाखेनगर मैदान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने प्रार्थी के बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

स्कूल से नकदी 82150 रुपए पार

रायपुर, 17 सितम्बर। डुमरतराई स्थित जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रूम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 82150 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र चौहान 37 वर्ष जैन पब्लिक स्कूल डुमरतराई में प्राचार्य है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्राचार्य रूम का ताला तोड़कर दराज में रखे नकदी 82150 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

रायपुर, 17 सितम्बर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर राबाभाठा में दबिश देकर सरेआम शराब पीते आरोपी पवन साव 36 वर्ष व नरेन्द्र देवांगन 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी राजकुमार नौरंग 32 वर्ष, आजाद चौक पुलिस ने आरोपी ललीत निषाद 38 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी रंजीत वीरो 54 वर्ष, छन्नू साहू 52 वर्ष, मनोहर यादव 56 वर्ष, किशन धीवर 27 वर्ष, राजेन्द्र नंददा 38 वर्ष, ज्योतिष तांडी 33 वर्ष, चंद्रशेखर याद व 33 वर्ष व विधानसभा पुलिस ने आरोपी दिलीप ध्रुव 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसोद पुलिस ने आरोपी भगवानीं राम निषाद 64 वर्ष व हीरू बंजारे 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

विसर्जन झांकी में नहीं होगा डीजे व धुमाल का धमाल, आयोजक निराश

19 को राजधानी में परम्परानुसार निकलेंगी आकर्षक झांकियां

- आयोजकों ने जनप्रतिनिधियों पर अनुमति दिलाने बनाया दबाव

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 17 सितम्बर। राजधानी में परम्परानुसार 19 सितम्बर को भव्य विसर्जन झांकी निकाली जाएगी। जिला प्रशासन ने इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। लेकिन डीजे और धुमाल के लिए अभी तक अनुमति नहीं मिलने से गणेशोत्सव समिति के आयोजक एवं संचालक निराश है।

राजधानी में जिला प्रशासन ने झांकी निकालने के लिए सभी मार्गों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कई महत्वपूर्ण मार्गों को यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा। जीई रोड में जयस्तंभ चौक के पहले तथा एमजी रोड एवं राजकुमार कालेज तक सिर्फ झांकियों को ही आने की अनुमति प्रदान की जाएगी। शांति एवं व्यवस्था के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं जो कि शांति व्यवस्था देखेंगे। झांकियां गुरुनानक चौक, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक से होकर मालवीय रोड से गुजरेगी। यहां पर शहर के महत्वाकांक्षी नेताओं द्वारा आकर्षक मंच बनाया जाता है।

इस वर्ष भी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। आज राजनांदगांव में झांकी निकाली जाएगी। इसके पश्चात राजनांदगांव तथा अन्य स्थानों से भी झांकियां रायपुर आएंगी। इन झांकियों को एक दिन पहले बुला लिया जाता है ताकि जनरेटर एवं अन्य तकनीकी व्यवस्था पूर्ण की जा सके। झांकियां पुरानी बस्ती से होकर लाखेनगर से महादेवघाट की ओर जाएगी इसलिए इन मार्गों में व्यवसाय करने वाले सक्रिय हो गए हैं। गणेशोत्सव समिति के संचालकों का कहना है कि झांकियों को सजाने का काम शुरू कर दिया गया है लेकिन बिना डीजे और धुमाल के युवाओं में उत्साह नहीं बनता है इसलिए भक्त काफी उदास है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार डीजे को प्रतिबंधित कर दिया गया है। पिछले दिनों हुई कई घटनाओं को देखते हुए अब शासन-प्रशासन कोई रिस्क नहीं लेना चाहता।

जिला प्रशासन ने गणेशोत्सव समिति के आवेदन पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एसडीएम के समक्ष धुमाल और डीजे को लेकर जो आवेदन आए हैं उस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। गणेश समिति के आयोजक इस समय राजनेताओं से संपर्क कर रहे हैं ताकि आवेदन को स्वीकृति मिल सके। पुलिस प्रशासन ने बड़ी संख्या में बल भी बाहर से बुला लिया है। नगर निगम प्रशासन को सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष सफाई दस्ता तैनात किया जाएगा।

आए दिन हो रही हत्याओं से प्रदेश में भय का माहौल: बैज

रायपुर 17 सितंबर। प्रदेश में रोज-रोज हो रही हत्याओं से प्रदेश में भय का माहौल पैदा हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, गोलीबारी, गैंगवार की घटनाएं बढ़ गई है। पूरे प्रदेश में मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो रही हैं। सुकमा में पुलिस के हवलदार सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई, गृह मंत्री के जिले कवर्धा में एसपी और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में एक उपसरपंच को जिंदा जला दिया गया। दो दिन पहले बलौदाबाजार जिले में टोनही बताकर 11 महीने के अबोध बच्चे सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई कानून का डर अपराधियों पर खत्म हो गया है। प्रदेश का आम आदमी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। रोज-रोज हो रही बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से महिलाओं में भय समाया हुआ है। साय सरकार प्रदेश के नागरिकों को जीवन जीने के लिये भय मुक्त वातावरण देने में असफल साबित हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले 9 महीने की भाजपा सरकार के दौरान प्रशासन का आतंक चरम पर है। ठेके पर रिमोट से सरकार संचालित है। जिसके चलते प्रशासन पर सरकार का नियंत्रण पूरी तरह से खत्म हो गया है। बलरामपुर में दिनदहाड़े 5 करोड़ की डकैती हुई 5 दिन बीत जाने के बावजूद आज तक अपराधियों का पता नहीं लगा पाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दुर्भाग्यजनक है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बने अभी 9 महिना नहीं हुये है, प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये है, अपराधी बेलगाम हो चुके है, सरेआम लोगो की हत्याएं की जा रही है, गोलियां चल रही है। प्रदेश में एक बार फिर वहीं आतंक का दौर वापस आ गया है जो 2018 के पहले था गोलियां मार कर लोगो को लूटा जाता था, अपराधी पकड़े नहीं जाते थे, एक बार फिर से गोलिया चलायी गयी है। अपराधी बैखौफ हो कर घूम रहे है। यह भारतीय जनता पार्टी की जंगलराज है जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फिर से वापस आ गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। विगत दिनों आरंग में लिचिंग करके तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी, आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बजाय कमज़ोर धाराएं लगाए गए, उस अमानवीय कृत्य में आरोपियों के समर्थन में भाजपा और आरएसएस के अनुसांगिक संगठन के 5000 से अधिक लोगों ने राजधानी रायपुर के कोतवाली थाना का घेराव किया। प्रशासन की अकर्मण्यता के चलते ही उन आरोपियों को आसानी से ज़मानत मिल गया। भाजपा की सरकार का संरक्षण अपराधियों को है।

भाजपा सदस्यता अभियान में प्रत्येक मंडल में 200 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे : नितिन नवीन

रायपुर, 17 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन ने कहा है कि भाजपा सदस्यता अभियान में प्रत्येक मंडल इकाई में 200 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे, प्रदेश भर में एक लाख सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे और आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय सदस्यों को ही दायित्व दिए जाएंगे। श्री नवीन ने कहा कि निर्धारित अवधि में सदस्यता का लक्ष्य अर्जित करने, ज्यादा-से-ज्यादा प्रदेशवासियों को भाजपा की विचाधारा से जोड़ने, गली-गली और घर-घर पहुँचकर भाजपा के सदस्यता अभियान को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाने के लिए इस अभियान को और तीव्र गति प्रदान के लिए कार्यकर्ता पूरे मनोयाग से जुट जाएँ। भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री नवीन ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में विभिन्न चरणों में बैठकें लेकर भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा की। इस क्रम में पहले सदस्यता अभियान की प्रदेश टोली की बैठक हुई जिसमें प्रदेश प्रभारी श्री नवीन के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सव्वनी सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरतलाल वर्मा, रामजी भारती, सांसद रूपकुमारीचौधरी, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम और अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय सहित पदाधिकारी सम्मिलित हुए। विदित रहे, प्रदेश में इन दिनों भाजपा का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है और सभी कार्यकर्ता प्रदेश के लिए निर्धारित सदस्यता का लक्ष्य हासिल करने में जुटे हुए हैं। ज्ञातव्य है, अब तक प्रदेश में भाजपा की सदस्यता 10 लाख से अधिक हो चुकी है। भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री नवीन ने इसके बाद सभी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व सह संयोजकों के साथ बैठक करके सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की। बैठक में श्री नवीन ने कहा कि मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए श्री नवीन ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के बूथों पर फोकस करने कहा।

मेजर जनरल सुधीर शर्मा के मार्गदर्शन में बनाई गई एके-203 असॉल्ट राइफलें

- सीमा पर भारतीय सेना के जवानों तक पहुंचीं

रायपुर 17 सितंबर। छत्तीसगढ़िया मूल के बेटे पाटन के मेजर जनरल सुधीर शर्मा ने सेना में सेवा देते हुए अपनी एक और बड़ी उपलब्धि से राष्ट्र के साथ राज्य का नाम भी रोशन किया है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में बनाई जा रही 35000 एके 203 असॉल्ट राइफलें (शेर) सीमावर्ती इलाकों में भारतीय सेना के जवानों के हाथों में पहुंच गई हैं। दिसंबर 2024 तक सेना को 20000 और राइफलें मिलेंगी।

मेजर जनरल सुधीर शर्मा को एक गहन चयन प्रक्रिया के बाद अगस्त 2023 से भारत सरकार द्वारा इंडो रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह रक्षा मंत्रालय के तहत एक संवेदनशील और रणनीतिक परियोजना है। इस कंपनी के पास रूस की कलाश्निकोव कंपनी से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ भारत में 601427 एके 203 राइफल बनाने का ऑर्डर है। एके 203 का उत्पादन संयंत्र अमेठी में है। स्वदेशीकरण की सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के बाद अगले एक साल के भीतर राइफलें 100 प्रतिशत भारत में बनाई जाएंगी। इसके बाद फैक्ट्री हर दिन 600 से ज्यादा राइफलें बनाने में सक्षम होगी। ये राइफलें भारत में होमलैंड सिक्योरिटी और राज्य पुलिस बलों को भी बेची जाएंगी। इन्हें मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत मित्र विदेशी देशों में भी निर्यात किया जाएगा।

मेजर जनरल सुधीर शर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आईआरआरपीएल द्वारा बनाई गई एके 203 दुनिया की सर्वश्रेष्ठ असॉल्ट राइफलों में से एक होगी। 800 मीटर की रेंज और 700 राउंड प्रति मिनट की फायरिंग दर के साथ, यह आतंकवाद विरोधी और पारंपरिक ऑपरेशन दोनों में हमारी सेना के जवानों के लिए एक घातक हथियार होगा।

बता दें कि मेजर जनरल सुधीर शर्मा पाटन (छत्तीसगढ़) के रहने वाले हैं और उनके माता-पिता दुर्ग के बोरसी में रहते हैं। वह पिछले 36 वर्षों से सेना में हैं और उनके पास आतंकवाद विरोधी अभियानों, मानव प्रबंधन, कूटनीति और परियोजना प्रबंधन का व्यापक अनुभव है।

स्थानांतरण सूची को लेकर मचा बवाल

- नीति-निर्देशों का पालन किए बगैर सूची जारी करने से अधिकारी-कर्मचारियों में रोष
- कोर्ट की शरण में गए पीड़ित

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 17 सितम्बर। प्रदेश में स्थानांतरण को लेकर कोई नीति घोषित नहीं की गई है लेकिन भारसाधक मंत्री अपने चहेतों एवं विधायकों के दबाव में बिना परीक्षण किए स्थानांतरण सूची जारी कर रहे हैं जिसके चलते अब यहां बवाल मच गया है। नियम विरुद्ध किए गए स्थानांतरणों को हाईकोर्ट से स्थगन आदेश मिलता जा रहा है जिसके कारण शासन की छवि धूमिल हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के सत्ता में आने के बाद लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो गए। इसके चलते कोई भी स्थानांतरण नीति राज्य शासन नहीं बना पाया। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्थानांतरण को लेकर मापदण्ड बनाए गए हैं जिसके अनुसार कोई भी अधिकारी-कर्मचारी यदि एक वर्ष के अंदर अवकाश ग्रहण कर रहा है तो उसका स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। शिक्षकों के लिए अंतरजिला स्थानांतरण करने के पहले अनुमति लेनी होती है। नगरीय निकाय विभाग में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर किसी अभियंता को पदस्थ नहीं किया जा सकता। राजस्व विभाग में भी यही नियम लागू होते हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की ग्रेडिंग लिस्ट बनाई गई है। इस आधार पर ही वरिष्ठता क्रम में अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकता है। नगरीय निकाय विभाग में कोरबा, रायपुर तथा दुर्ग में अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है जो कि अगले 6 महीने के अंदर ही अवकाश ग्रहण कर रहे हैं। ये अधिकारी कोर्ट की शरण में चले गए हैं जिसके चलते इन्हें शासन के आदेश के विरुद्ध स्थगन आदेश मिल गया है। नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जोन कमिश्नर, स्वच्छता निरीक्षकों का भी बड़ी संख्या में स्थानांतरण किया गया है। इस स्थानांतरण के पश्चात काफी हड़कम्प मच गया है। सभी रसूखदार अधिकारी-कर्मचारी अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ भारसाधक मंत्रियों से मिल रहे हैं तथा स्थानांतरण रोकवाने के लिए दबाव बना रहे हैं।

राजस्व विभाग में तहसीलदार, नायब तहसीलदार की स्थानांतरण सूची जारी होने से बवाल मच गया है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा पर कई आरोप लग रहे हैं जिसके चलते वे काफी विवादास्पद हो गए हैं। स्थानांतरण में एवजीदार के संबंध में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बस्तर और सरगुजा संभाग में किसी भी अधिकारी का स्थानांतरण तभी किया जा सकता है जब वहां पर एवजीदार नियुक्त किया जाए। लेकिन इन शर्तों की खुली उपेक्षा की गई है। चिकित्सा विभाग में भी एक स्थानांतरण सूची जारी की गई है।

डीन बनने के लिए जोड़-तोड़ शुरू

प्रदेश के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अलावा अन्य मेडिकल कालेज जैसे अंबिकापुर तथा रायगढ़, कांकेर में डीन के पद रिक्त हैं। यहां पर डीन बनने के लिए मेडिकल कालेज रायपुर के वरिष्ठ प्राध्यापक जोर आजमाइश कर रहे हैं। डीन बनने के लिए निर्धारित अर्हता के अनुसार किसी विभाग का विभागाध्यक्ष होना जरूरी है तथा इसके साथ आठ वर्ष का अनुभव होना चाहिए। शासन के द्वारा अनुशंसा के पश्चात पीएससी से अनुमति मिलने के बाद पश्चात यह नियुक्ति की जाती है। मेकाहारा के अस्पताल अधीक्षक डॉ. नेताम सहित अन्य प्राध्यापक डीन बनने के लिए कवायद कर रहे हैं। शालेय शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के भारसाधक मंत्री मुख्यमंत्री विष्णदेव साय हैं। यहां पर भी स्थानांतरण को लेकर मारामारी मची हुई है। इस समय राज्य में 2000 स्कूल एकल शिक्षक एवं 100 से अधिक कालेज में एकल प्राध्यापक हैं। युक्तियुक्तकरण के नाम पर भी बवाल मचा हुआ है इसलिए यहां पर स्थानांतरण सूची जारी नहीं हो पा रही है। फिलहाल जिला शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक बनने के लिए कई लोग उच्च स्तरीय राजनीतिक पहुंच लगा रहे हैं। लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग में अधिकारी-कर्मचारियों का टोटा है।

विकसित भारत प्रदर्शनी का सीएम ने किया अवलोकन

रायपुर 17 सितंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छाया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनकल्याण एवं भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने के लिए बीते दस सालों में शुरू की गई अभिनव एवं क्रांतिकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के जीवन के पहलुओं को छाया-चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जन्म दिन है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जी जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के 5 लाख से अधिक परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए प्रथम किस्त की राशि का अंतरण भी हितग्राहियों को डी.बी.टी. के माध्यम से खाते में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इसके तहत राज्य में 18 लाख से अधिक परिवारों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आवास की स्वीकृति दी गई है। छाया-चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए ''एक पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण अभियान, डिजिटल इकोनॉमी-जन-जन को बैंकिंक सुविधा, नए अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरता भारत, आतंकवाद के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही, औपनिवेशिक काल के कानूनों में बदलाव एवं नवीन न्याय संहिता को लागू करना, भारतीय सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करना, जन भागीदारी से देश को नई दिशा, भारत का गौरव बढ़ाती उपलब्धियां, जनधन योजना, देश में अधोसंरचना का तेजी से निर्माण, एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार, एक ग्रिड,एक राशन कार्ड, एक संविधान और वोकल फार लोकल आदि विषयों को छाया-चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़े प्रसंगो को भी दर्शाया गया है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह,गृह मंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही उपस्थित थे।

ई-कॉमर्स कंपनियों से बैंकों की मिलीभगत: पारवानी

रायपुर 17 सितंबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास को भेजे गए एक महत्वपूर्ण पत्र में, कैट ने अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ बैंकों की मिलीभगत पर गहरी चिंता व्यक्त की। कैट ने कहा कि यह मिलीभगत पारंपरिक खुदरा व्यापारियों के लिए अस्वस्थ और असमान प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रही है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आरबीआई गवर्नर को भेजे अपने पत्र में बैंकों, ई-कॉमर्स कंपनियों और ब्रांड मालिकों के बीच अनैतिक सांठगांठ का आरोप लगाया, जिससे खुदरा व्यापार बुरी तरह विकृत हो रहा है। इस मिलीभगत से देश के पारंपरिक खुदरा व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि एचडीएफसी, एसबीआई और अन्य बैंकिंग संस्थानों द्वारा विशेष छूट योजनाओं और बैंक कैशबैक ऑफर्स के माध्यम से आक्रामक छूट दी जा रही है, जो फ्लिपकार्ट और अमेज़न जैसे प्लेटफॉर्म्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट प्रदान कर रहे हैं, जिससे पारंपरिक व्यापारियों को और अधिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक, वन कार्ड और कोटक महिंद्रा जैसे अन्य बैंकों ने भी इसी तरह की साझेदारियाँ की हैं, जो छूट, कैशबैक और अतिरिक्त लाभ प्रदान कर रही हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है कि क्या ये व्यापारिक प्रथाएँ निष्पक्ष हैं। चाहे जानबूझकर या अनजाने में, ये बैंक एक कार्टेल का हिस्सा बन गए हैं जो एक अस्वस्थ और असमान बाजार बना रहा है, जो प्रतिस्पर्धा के लिए गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न कर रहा है और व्यापार के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है।

इस संदर्भ में, श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने हाल की सीसीआई रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि ये प्लेटफॉर्म स्मार्टफोन मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) जैसे सैमसंग, शाओमी, रियलमी, मोटोरोला, वीवो और वनप्लस के साथ मिलकर राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि इन कार्यों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के विज़न के खिलाफ काम किया है। रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ है कि ये कंपनियाँ विशेष आपूर्ति समझौतों और गहरी छूट प्रथाओं में शामिल हैं, जिससे ऑफ़लाइन खुदरा व्यापारियों, जो रोजगार सृजन, कर योगदान और उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी सेवाएँ और ऑफ़र प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, को गंभीर नुकसान पहुँच रहा है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे कहा कि यह चौंकाने वाला है कि लगभग 1.5 लाख मोबाइल खुदरा व्यापारी इन अनुचित प्रथाओं के कारण संघर्ष कर रहे हैं, जिनमें से 50,000 से अधिक छोटे व्यापार पहले ही बंद हो चुके हैं।

22 को रामकृष्ण हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

रायपुर, 17 सितंबर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवम रामकृष्ण हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ शिविर का अयोजन 22 सितंबर रविवार को रामकृष्ण हॉस्पिटल में आयोजित किया जा रहा है। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया निशुल्क स्वास्थ शिविर में बीस डॉक्टर अपनी निशुल्क सेवा देगे जिसमे डॉ संदीव दवे (जनरल सर्जरी विशेषज्ञ) डॉ जावेद अली खान (हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ विनोद आहूजा (कार्डियक सर्जन) डॉ प्रकाश चौधरी (किडनी रोग विशेषज्ञ) डॉ धीरज प्रेमचंदानी (लीवर विशेषज्ञ) डॉ चेतना रमानी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ साकेत अग्रवाल (पेट रोग विशेषज्ञ) डॉ पंकज धाबलिया (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डॉ पवन जैन (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ अजीत शदाणी (एम डी मेडिसिन) डॉ राहुल पाठक (मष्टिक रोग विशेषज्ञ) डॉ उज्जवला वर्मा (स्किन स्पेशलिस्ट) डॉ नवीन खूबचंदानी (प्लास्टिक सर्जन) डॉ निखिल मोतीरामानी) साथ में सिंधु डॉक्टर फोरम की टीम में डॉ एन डी गजवानी, डॉ किरण माखीजा, डॉ प्रकाश कटारिया, डॉ पवन भावनानी अपनी सेवा देंगे इसके साथ आठ प्रकार की निशुल्क जांच रखी गई है जिसमे (कंप्लीट ब्लड काउंट, शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, ईसीजी, टी एस एच टेस्ट, लिपिड प्रोफ़ाइल, बीएमआई, यूरिक एसिड साथ में खान पान पर परामर्श रखा गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26